INS ACCREDITED
यूनिकॉम एडवरटाइजिंग
Email: info@unicomadvertising.com
www.unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

यूनिक समय

डीएवीपी (केन्द्र सरकार) द्वारा मान्यता प्राप्त-134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
www.uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-259 | सांध्य दैनिक | मथुरा/आगरा संभाग, शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

सीबीआई, ईडी अफसर बनकर जमाया रौब, फर्जी अधिकारियों का जाल

वर्दी, तीन स्टार और नीली बत्ती लगी गाड़ी से लोगों को करते रहे गुमराह, छह साल में 11 गिरफ्तारियों से खुली पोल

यूनिक समय, मथुरा। भगवान श्रीकृष्ण की नगरी में फर्जी अधिकारियों का खेल लगातार सामने आ रहा है। कोई खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों पर रौब गांठ रहा था तो कोई पुलिस इंस्पेक्टर, डीएसपी और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का असिस्टेंट डायरेक्टर बनकर घूम रहा था। वर्दी, तीन स्टार, पुलिस मोनोग्राम और नीली बत्ती लगी गाड़ी को हथियार बनाकर लोगों को प्रभावित करने वाले ऐसे



फर्जी दरोगा सचिन शर्मा सिद्धार्थ चक्रवर्ती

कथित फर्जी अधिकारियों पर पुलिस ने समय-समय पर कार्रवाई की है।

दिसंबर 2019 से नवंबर 2026 तक सामने आए घटनाक्रम में करीब 11 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके बावजूद फर्जी अधिकारियों का यह खेल थमने का नाम नहीं ले रहा। इस सिलसिले की शुरुआत दिसंबर 2019 में हुई थी। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र में जयपुर मंदिर के पास कृष्णकांत राघव को कथित तौर पर फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर घूमने और अवैध वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 5-6 मई 2025 को वृंदावन में सचिन शर्मा पुलिस के हत्थे चढ़ा। आरोप था कि वह फर्जी पुलिस इंस्पेक्टर बनकर रौब झाड़ रहा था। उसके कब्जे से पुलिस की वर्दी, तीन स्टार, बूट और मोनोग्राम जैसी सामग्री बरामद हुई थी। 25 जुलाई 2025 को केसी घाट के पास पश्चिम बंगाल निवासी सिद्धार्थ चक्रवर्ती को फर्जी डीएसपी बनकर लोगों पर रौब जमाने और रंगदारी मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। वहीं, 14 मार्च 2026 को रंगजी मंदिर के ब्रह्मोत्सव रथ मेले में एक फर्जी दारोगा सचिन शर्मा पकड़ा गया। धार्मिक आयोजनों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में इस तरह के मामले सामने आने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठे।

नीली बत्ती से लेकर सरकारी ओहदे तक की फर्जी पहचान

10 अक्टूबर 2026 को जमुनापार पुलिस ने सिहोरा लोहवन चौराहे के पास छह लोगों को गिरफ्तार किया। आरोप था कि ये लोग सीबीआई अथवा क्राइम ब्यूरो अधिकारी बनकर लोगों को धमकाते और उनसे 40 हजार रुपये वसूल चुके थे। इसके बाद 9 नवंबर 2026 को सचिन शर्मा नाम का युवक खुद को ईडी का असिस्टेंट डायरेक्टर बताकर नीली बत्ती लगी कार से घूमता मिला। पुलिस ने सत्यापन के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने फर्जी पहचान के सहारे रौब गांठने वालों की सक्रियता उजागर कर दी है। कभी केंद्रीय जांच एजेंसी का अधिकारी तो कभी पुलिस का बड़ा अफसर बनकर लोगों को डराने और वसूली करने की कोशिश की जा रही है। सवाल यह है कि आखिर धर्मनगरी में फर्जी अधिकारियों का यह खेल कब थमेगा। पुलिस के सामने अब केवल ऐसे लोगों को पकड़ना ही नहीं, बल्कि इनके पीछे सक्रिय नेटवर्क और इनके संपर्कों का पता लगाना भी बड़ी चुनौती है।

मथुरा-वृंदावन में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर सर्च

शुक्रवार भोर पांच बजे गाजियाबाद से पहुंची टीमें

होटल, बिल्डर, टिंबर कारोबारी जांच के दायरे में

यूनिक समय, मथुरा। मथुरा और वृंदावन में शुक्रवार भोर में आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई से व्यापारिक जगत में खलबली मच गई। गाजियाबाद से पहुंची विभाग की टीमों ने एक साथ आधा दर्जन से अधिक ठिकानों पर सर्च शुरू किया। कार्रवाई के दायरे में नामचीन बिल्डर, होटल संचालक, टिंबर कारोबारी, व्यापारी बताए जा रहे हैं। वृंदावन स्थित रेडिसन होटल और गुरुकृपा प्रतिष्ठानों सहित कई स्थानों पर अधिकारियों ने कारोबारी दस्तावेजों और वित्तीय लेनदेन के अभिलेखों की पड़ताल की।

सूत्रों के अनुसार, आयकर विभाग की करीब चार दर्जन गाड़ियों से टीमें भोर में लगभग पांच बजे मथुरा पहुंचीं। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें बनाकर निर्धारित प्रतिष्ठानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की गई।

मथुरा स्थित धौलीप्याऊ के अलावा टीमों ने गुरुकृपा, ललित गुप्ता, गोवर्धन, सूरजभान-राम किशोर, राम एंड संस, गोविंद अग्रवाल, जे.डब्ल्यू मेरीएट प्रतिष्ठानों में पहुंचकर कारोबारी रिकॉर्ड, आय-व्यय के ब्योरे और वित्तीय लेनदेन से संबंधित दस्तावेज खंगाले। दोपहर तक कई स्थानों पर जांच जारी रही। फिलहाल आयकर विभाग की टीमें विभिन्न प्रतिष्ठानों पर अभिलेखों की जांच में जुटी हैं। कार्रवाई का दायरा कितना व्यापक है और जांच में क्या तथ्य सामने आए हैं, इस बारे में विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। ऐसे में कारोबारियों के बीच कार्रवाई के नतीजों को लेकर चर्चाएं बनी हुई हैं।




शुक्रवार को आयकर विभागों की टीमों ने वृंदावन स्थित रेडिसन होटल के अलावा धौलीप्याऊ स्थित गुरुकृपा के प्रतिष्ठानों पर सर्च कार्यवाही की।


कर्मचारियों और वाहन चालकों को परिसर में ही रोका

कार्रवाई के दौरान जिन प्रतिष्ठानों पर टीमें पहुंचीं, वहां मौजूद कर्मचारियों, कारोबार से जुड़े लोगों और वाहन चालकों को परिसर से बाहर जाने से रोक दिया गया। बताया जा रहा है कि जांच पूरी होने तक उन्हें परिसर में ही रहने के निर्देश दिए गए। अचानक हुई इस कार्रवाई से कारोबारी क्षेत्रों में चर्चाओं का बाजार गर्म रहा।

घर का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी

यूनिक समय, मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र के देव नगर-1, गिरधरपुर रोड स्थित मकान को निशाना बनाकर चोर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित पवन कुमार ने बताया कि 11 नवंबर को वह मकान बंद कर ससुराल आगरा गए थे। अगले दिन लौटे तो मुख्य गेट और कमरों के ताले टूटे मिले। घर का सामान खंगाला हुआ था और जेवरात गायब थे। पुलिस ने 12 नवंबर को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अंदर के पेजों की प्रमुख खबरें


लखनऊ में ऋषभ शुक्ला के घर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर
पेज-10 पर


छठ पर्व पर रेलवे स्टेशन की सुरक्षा सख्त, चप्पे-चप्पे पर चेकिंग
पेज-12 पर

झांसी में ट्रैक निर्माण से मथुरा होकर गुजरने वाली दो गाड़ियों के रास्ते बदलेंगे

20 नवंबर से 29 दिसंबर तक प्रभावित रहेगा ट्रेनों का संचालन

गोंडवाना एक्सप्रेस बयाना, सोगरिया और रुठियाई होकर गुजरेगी

यूनिक समय, मथुरा। वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर गिट्टी रहित ट्रैक निर्माण कार्य के चलते मथुरा होकर गुजरने वाली दो ट्रेनों के मार्ग में बदलाव किया गया है। रेलवे की ओर से यह कार्य 20 नवंबर से 29 दिसंबर तक 40 दिनों में पूरा कराया जाएगा। इसके चलते हजरत निजामुद्दीन से रायगढ़ और भुसावल जाने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित रास्ते से संचालित होंगी।

रेलवे की विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन संख्या 12410 हजरत निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंडवाना एक्सप्रेस 21 नवंबर से 29 दिसंबर तक प्रभावित रहेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 12406 हजरत निजामुद्दीन-भुसावल गोंडवाना एक्सप्रेस का मार्ग 20 नवंबर से 27 दिसंबर तक परिवर्तित रहेगा। दोनों ट्रेनें मथुरा जंक्शन से बयाना, सोगरिया और रुठियाई जंक्शन होते हुए बीना पहुंचेंगी। वर्तमान में ये ट्रेनें मथुरा से झांसी और बीना होकर संचालित होती हैं। इस बदलाव से यात्रियों को झांसी की ओर जाने के लिए इन ट्रेनों में यात्रा करते समय परेशानी हो सकती है। रेलवे ने यात्रियों से यात्रा से पहले ट्रेन के परिवर्तित मार्ग की जानकारी लेने की अपील की है।

16 नवंबर से शुरू होगी जनगणना की स्व-गणना

दिसंबर में घर-घर पहुंचेंगे प्रगणक: डीएम

यूनिक समय, मथुरा। शुक्रवार को डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि जनगणना-2027 के दूसरे चरण की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस चरण में जिले की वास्तविक जनसंख्या की गणना की जाएगी। इसके लिए 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा मिलेगी। इसके बाद एक दिसंबर से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर पहुंचकर परिवारों के सदस्यों की गणना करेंगे। जनगणना के लिए जिले में 5605 प्रगणक और 919 पर्यवेक्षकों सहित कुल 6524 कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में मौजूद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि जनगणना का संदर्भ समय पांच जनवरी 2027 की रात 12 बजे निर्धारित किया गया है। इसके बाद पांच से नौ जनवरी तक पुनरीक्षण का कार्य होगा। स्व-गणना के तहत लोग निर्धारित पोर्टल पर जाकर अपने परिवार के सदस्यों का विवरण स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक एसई आईडी मिलेगी। घर पहुंचने वाले प्रगणक को सत्यापन के लिए यह आईडी दिखानी होगी। जो परिवार ऑनलाइन जानकारी दर्ज नहीं कर पाएंगे, उनकी गणना प्रगणक घर जाकर करेंगे।


सभाकक्ष में पत्रकारों को जनगणना के दूसरे चरण की जानकारी देते डीएम सीपी सिंह आदि।

उन्होंने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति से कुल 40 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें नाम, आयु, लिंग, जन्मतिथि, जन्मस्थान, वैवाहिक स्थिति, परिवार, धर्म, भाषा, शिक्षा, रोजगार, आर्थिक गतिविधि, प्रवासन और दिव्यांगता सहित विभिन्न जानकारियां शामिल होंगी।

इस दौरान मौजूद एसएसपी श्लोक कुमार ने कहा कि सभी लोग जनगणना में सही जानकारी दें। पूरी प्रक्रिया में व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। किसी भी व्यक्ति को बैंकिंग पासवर्ड, एटीएम पिन या ओटीपी साझा करने की आवश्यकता नहीं है। सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 जारी किया गया है।

एडीएम वित्त- राजस्व डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि जिले में दूसरे चरण के लिए 6054 ब्लॉक निर्धारित किए गए हैं।

इनमें 5605 प्रगणक, 919 पर्यवेक्षक, चार मास्टर ट्रेनर और 98 फील्ड ट्रेनर की व्यवस्था की गई है। सभी प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण 14 नवंबर तक पूरा कराया जाएगा।

मथुरा में दूसरे चरण के लिए 6524 कर्मचारियों की तैनाती

पांच जनवरी 2027 की रात 12 बजे होगी संदर्भ तिथि

बैटरियों ने थामी ई-बसों की रफ्तार, 50 में से 15 बसें खड़ी

यूनिक समय, मथुरा। शहरवासियों को सस्ता और आरामदायक सफर मुहैया कराने के लिए शुरू की गई ई-बस सेवा अब खुद बदहाली से जूझ रही है। बैटरियों की खराबी ने इस सेवा की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। हालत यह है कि 50 बसों के बेड़े में से अब महज 35 बसें ही सड़कों पर दौड़ रही हैं, जबकि 15 बसें बैटरी खराब होने के कारण डिपो में खड़ी हैं। इसका सीधा असर यात्रियों की सुविधा पर पड़ रहा है।

वर्ष 2022 में नगरीय परिवहन निदेशालय की ओर से शुरू की गई ई-बस सेवा से शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवागमन करने वाले हजारों



यात्रियों को राहत मिली थी। एसी सुविधा से लैस इन बसों में सफर को लेकर यात्रियों में खासा उत्साह था। शुरुआती दौर में करीब 50 बसों का संचालन किया जा रहा था, लेकिन धीरे-धीरे बसों की संख्या घटने लगी। अब 15 बसें बंद होने से यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन

बैटरी खराब होने से बिगड़ी व्यवस्था, कंपनी को कई बार सूचना के बाद भी नई बैटरियों का इंतजार

के दूसरे साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, ई-बसों में इस्तेमाल होने वाली बैटरियां चीन से मंगाई गई हैं। बैटरियां खराब होने के चलते बसों का संचालन ठप है। संबंधित कंपनी को कई बार समस्या से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक नई बैटरियां उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। ऐसे में बंद बसों को दोबारा सड़क पर उतारने का इंतजार लंबा होता जा रहा है। यदि जल्द बैटरियां नहीं बदली गईं तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है।

श्यामा श्यामा कंपनी के एआरएम राधाकृष्ण ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में करीब 15 बसों की बैटरियां खराब हुई हैं। वर्तमान में लगभग 35 ई-बसों का ही संचालन हो रहा है। इस संबंध में कंपनी को कई बार सूचना दी जा चुकी है। नई बैटरियां जल्द आने की उम्मीद है। बैटरियां मिलते ही बंद बसों का संचालन फिर शुरू करा दिया जाएगा।

कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल, बकरी की मौत

यूनिक समय, महावन। मथुरा से बकरी का इलाज कराकर गांव लौट रहे बाइक सवार दो युवक कार की टक्कर से घायल हो गए। हादसे में बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। थाना मुरसान के गांव बंका निवासी सचिन कुमार, दिनेश कुमार और रमेश चंद्र बाइक से बकरी का इलाज कराने मथुरा वेटरनरी कॉलेज आए थे। शुक्रवार शाम करीब छह बजे राया-हाथरस मार्ग पर गांव बिरहना के पास सामने से आ रही अर्टिगा कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दो युवक घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को स्थानीय चिकित्सक के पास पहुंचाया।

कार्तिक पूर्णिमा पर 25 घाटों पर सजेगा दीपदान महोत्सव

24 नवंबर को यमुना के घाटों पर जगमगाएंगे दीप, आतिशबाजी भी होगी आकर्षण का केंद्र

यूनिक समय, मथुरा। कार्तिक पूर्णिमा पर 24 नवंबर को मां यमुना के 25 घाटों पर भव्य दीपदान महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस बार मथुरा के साथ वृंदावन और गोकुल में भी दीपदान की विशेष व्यवस्था रहेगी। आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए सामाजिक, धार्मिक संगठनों और व्यापारियों को अलग-अलग घाटों की



कार्तिक पूर्णिमा पर होने वाले आयोजन को लेकर हुई बैठक में मौजूद नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा आदि।

सजावट-दीपदान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही यमुना भक्तों के लिए आतिशबाजी का विशेष आयोजन भी होगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एडीएम प्रशासन अमरेश कुमार और नगर मजिस्ट्रेट अनुपम कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें आयोजन की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के साथ उद्योगपतियों-व्यापारियों को भी आयोजन से जोड़ते हुए घाटों को आकर्षक ढंग से सजाने की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में अधिकारियों ने दीपदान के दौरान घाटों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने और आयोजन को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर चर्चा की। इस बार वृंदावन और गोकुल को भी महोत्सव से जोड़ने का निर्णय लिया गया है, जिससे ब्रज में कार्तिक पूर्णिमा का उत्सव व्यापक स्तर पर मनाया जा सके। इस मौके पर समिति अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा, महामंत्री बृजेंद्र नागर, अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रयागनाथ चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, योगेश आभा, पंकज शर्मा, नरेश शर्मा, महेंद्र आचार्य और मीडिया प्रभारी अखिलेश मिश्रा पिंटू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति टीम ने काउंसलिंग कर बिखरता परिवार बचाया

यूनिक समय, मथुरा। बरसाना पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने आपसी विवाद में उलझे दंपती की काउंसलिंग कर परिवार को टूटने से बचा लिया। दोनों पक्षों के बीच गलतफहमियां दूर कराकर उन्हें साथ रहने के लिए राजी किया गया। जानकारी के अनुसार थाना बरसाना क्षेत्र में एक दंपती के बीच घरेलू विवाद की सूचना डायल 112 पर मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने मामले की जानकारी की और गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों को थाने बुलाया। यहां मिशन शक्ति टीम ने दंपती को आमने-सामने बैठाकर काउंसलिंग की। दोनों को समझाया गया और आपसी गलतफहमियां दूर कराई गईं। इसके बाद दोनों साथ रहने को तैयार हो गए। पुलिस ने दंपती को घर भेज दिया।

पुरानी रंजिश में आठ लोगों ने की मारपीट

यूनिक समय, मथुरा। फरह थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर आठ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। जहान सिंह के अनुसार, 10 नवंबर की शाम संजय, जितेंद्र, सतीश, गोपाल, जयपाल, देवी, यशपाल और ललित ने उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर जमीन पर गिराकर लात-घूंसों से पीटा। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने उन्हें बचाया। इसके बाद आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने आठों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

फावड़े से हमले में दो लोग घायल, चार पर मुकदमा

यूनिक समय, मथुरा। फरह थाना क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। सत्यप्रकाश ने आरोप लगाया कि 10 नवंबर की रात गांव के सागर, सत्यवीर, दीवान और रविंद्र ने उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर सागर ने फावड़े से हमला कर दिया। घटना में गोविंदा और भानु घायल हो गए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।









छिनैती के दो आरोपितों से पुलिस की मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली



जैंत पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने घेराबंदी कर दबोचा

11,500 रुपये नकद समेत लूटा गया सामान बरामद

यूनिक समय, मथुरा। छिनैती की वारदातों को अंजाम देने वाले बाइक सवार दो आरोपितों को जैंत पुलिस, सर्विलांस और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपित के दाहिने पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी मौके से दबोच लिया गया। घायल को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय वृंदावन भेजा गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 11,500 रुपये नकद, दो मोबाइल फोन, दो एटीएम कार्ड, दो आधार कार्ड, तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, बीती 10 नवंबर को छटीकरा-गोवर्धन रोड और राल क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों ने छिनैती की दो वारदातों को अंजाम दिया था। बदमाशों ने टेंपो और ई-रिक्शा में सवार दो महिलाओं के पर्स छीन लिए थे। पर्स में मोबाइल फोन, नकदी, एटीएम कार्ड और आधार कार्ड रखे हुए थे। दोनों घटनाओं के संबंध में थाना जैंत में मुकदमे दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू कर दी थी। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर पुलिस बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी।

थाना प्रभारी छोटे लाल ने बताया कि गुरुवार रात सूचना मिली कि छिनैती की घटनाओं में शामिल दोनों आरोपित दोबारा वारदात करने की फिराक में राधाकुंड-गोवर्धन रोड पर घूम रहे हैं। सूचना पर जैंत पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने नगला पिसावा मोड़ के पास घेराबंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान बाइक सवार दो संदिग्ध आते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो आरोपितों ने फायरिंग शुरू कर दी।

पुलिस की जवाबी कार्रवाई में जगदीश उर्फ काले के दाहिने पैर में गाला लग गइ। वहा, उसक साथा रामकिशन को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। घायल जगदीश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित जगदीश उर्फ काले के खिलाफ जैंत, बरसाना, छाता, गोवर्धन और मगोर्रा थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस दोनों आरोपितों से पूछताछ कर अन्य आपराधिक गतिविधियों और घटनाओं के संबंध में जानकारी जुटा रही है।



बिजली चोरों पर विभाग का शिकंजा बॉडी कैमरों की निगरानी में छापेमारी

दतिया और ऊंचागांव में प्रवर्तन दल ने चलाया चेकिंग अभियान, पूरी कार्रवाई कैमरे में कैद



दतिया गांव में बॉडी कैमरों की निगरानी में बिजली चोरी की जांच करती बिजली विभाग की टीम।

यूनिक समय, मथुरा। बिजली चोरी की बढ़ती शिकायतों को देखते हुए बिजली विभाग ने अब सख्त रुख अपनाना शुरू कर दिया है। अवैध रूप से बिजली का इस्तेमाल करने वालों की धरपकड़ के लिए गांवों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खास बात यह है कि अब बिजली विभाग की टीमें बॉडी कैमरे लगाकर कार्रवाई कर रही हैं। इससे बिजली चोरी पकड़ने के साथ ही चेकिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने की पहल की गई है। इसी क्रम में बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने प्रवर्तन दल के साथ दतिया और ऊंचागांव में अभियान चलाया। टीम ने घरों और अन्य स्थानों पर पहुंचकर बिजली कनेक्शन, मीटर और विद्युत आपूर्ति की जांच की। इस दौरान कर्मचारियों ने बॉडी कैमरे लगाकर चेकिंग की। पूरी कार्रवाई कैमरों में रिकॉर्ड की गई, ताकि जांच के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी या विवाद की स्थिति में वास्तविक तथ्यों का पता लगाया जा सके। मुख्य अभियंता राजीव गर्ग ने बताया कि बिजली चोरी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अब चेकिंग टीमों में बॉडी कैमरों का इस्तेमाल भी किया जा रहा है। इससे मौके पर होने वाली पूरी कार्रवाई का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि कैमरों में दर्ज तथ्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि बॉडी कैमरों के इस्तेमाल से विभागीय कार्रवाई में पारदर्शिता आएगी। इससे उपभोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति में वास्तविकता सामने लाने में मदद मिलेगी। साथ ही कर्मचारियों के खिलाफ बेवजह शिकायतों और गलत आरोपों की आशंका भी कम होगी। यदि जांच के दौरान किसी कर्मचारी की ओर से नियमों के विपरीत कार्रवाई की जाती है तो उसकी जानकारी भी रिकॉर्डिंग से मिल सकेगी। मुख्य अभियंता ने स्पष्ट किया कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ अन्य इलाकों में भी चेकिंग अभियान चलाकर अवैध बिजली इस्तेमाल करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा।

दो सालियों से दुष्कर्म का आरोप, मकान बिकवाकर रकम हड़पने का भी आरोप

माता-पिता की मौत के बाद चारों बहनों को घर में दी थी पनाह, आरोपी जीजा गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। माता-पिता की मृत्यु के बाद चार सालियों को अपने घर में रखकर उनका सहारा बनने वाले जीजा पर दो अविवाहित सालियों के साथ दुष्कर्म करने और मकान बिकवाकर उसकी रकम हड़पने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी जीजा को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस आरोपी की पत्नी की भूमिका की भी जांच कर रही है।

पीड़िता के अनुसार, विशाल सिंघल की अर्डीग में हार्डवेयर की दुकान है। कुछ समय पहले माता-पिता की मृत्यु के बाद वह अपनी तीन अन्य बहनों के साथ जीजा के घर रहने लगी थीं। समय बीतने के साथ दो बहनों की शादी हो गई, जबकि दो बहनें अविवाहित रह गईं। आरोप है कि इसी दौरान जीजा विशाल ने दोनों अविवाहित बहनों के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उन्हें धमकियां दी गईं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जीजा ने उनका मकान भी बिकवा दिया, लेकिन बिक्री से मिली रकम खुद हड़प ली। जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी धमकाने लगा। पीड़िता ने अपनी विवाहित बहन से भी रकम वापस दिलाने की गुहार लगाई, लेकिन आरोप है कि उसने भी पति का ही पक्ष लिया। शुक्रवार को पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर विशाल सिंघल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शाम को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल 147 दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले

एक दर्जन से अधिक चौकी प्रभारी बदले शहर से देहात और देहात से शहर भेजे गए उपनिरीक्षक

यूनिक समय, मथुरा। जिले की पुलिस व्यवस्था में एसएसपी श्लोक कुमार ने बड़ा फेरबदल करते हुए 147 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदल दिए हैं। लंबे समय से एक ही थाने और चौकियों पर तैनात दरोगाओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। तबादला सूची में एक दर्जन से अधिक चौकी प्रभारी भी शामिल हैं। पुलिस लाइन में रिजर्व चल रहे उपनिरीक्षकों को भी नई तैनाती दी गई है।

जारी सूची के अनुसार नंदगांव, अद्धा, कस्बा छाता, बाग बहादुर, रैपुरा जाट, ओल, जाजमपट्टी, देवसेरस, खानपुर, वृंदावन गेट, आझई, छटीकरा, लक्ष्मीनगर, कोकिलावन, कोटवन, बंगाली घाट, बीएसए और बाजना कट चौकियों के प्रभारियों को बदला गया है। आनंद कुमार शर्मा को नंदगांव से अद्धा चौकी, अंकित मलिक को कस्बा छाता से बाग बहादुर चौकी और सौरभ तेवतिया को रैपुरा जाट से कस्बा राया चौकी भेजा गया है।

पुलिस फेरबदल का असर शहर और देहात के थानों पर भी पड़ा है। कोतवाली, सदर बाजार, गोविंदनगर, वृंदावन, हाईवे, रिफाइनरी, गोवर्धन, बरसाना, छाता, फरह, जैत, जमुनापार, कोसीकलां, महावन, मांट, नौहझील, राया, शेरगढ़ और सुरीर सहित कई थानों में उपनिरीक्षकों की तैनाती बदली गई है।

इस फेरबदल में कई दरोगाओं को शहर के थानों से ग्रामीण क्षेत्रों में भेजा गया है, जबकि देहात में तैनात कुछ उपनिरीक्षकों को शहर के थानों की जिम्मेदारी मिली है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षकों को भी फील्ड में भेजा गया है। एसएसपी ने सभी स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को तत्काल नवीन तैनाती स्थल पर पहुंचकर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं।

युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, तीन नामजद

यूनिक समय, मथुरा। छाता कस्बे से 22 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। युवती की मां ने छाता कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कस्बे में चाऊमीन की ढकेल लगाने वाले साहिद पर पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। रिपोर्ट में साहिद की मां और बहन को भी नामजद किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।

किशोरी से दुराचार का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

यूनिक समय, मथुरा। 12 वर्षीय किशोरी के साथ दुराचार किए जाने का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने राया थाना क्षेत्र के एक युवक और युवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

किशोरी से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। राया थाना पुलिस ने किशोरी से दुराचार के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गोपाल पुत्र दिगम्बर निवासी भखण्डी, थाना राया को राया कट पुल के पास से पकड़ा। थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाने में किशोरी से दुराचार का मुकदमा दर्ज था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

यूनिक समय

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

फोन नंबर-0565-3550761

मो. 9837155888

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।



शहरवासियों को जाम से नहीं मिल रही मुक्ति,यातायात माह बेअसर



शुक्रवार को यातायात का दवाब बढ़ा तो जाम लग गया। भूतेश्वर तिराहे पर लगे जाम में फंसे वाहन।

प्रमुख चौराहों पर दिनभर वाहनों की कतारें, अधिकारियों के निकलते ही सुस्त पड़ जाती है पुलिस

यूनिक समय, मथुरा। शहर में यातायात माह चल रहा है, लेकिन जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। शायद ही कोई प्रमुख तिराहा या चौराहा ऐसा हो, जहां सुबह से शाम तक वाहनों की लंबी कतारें न लगती हों। यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए अभियान चलाए जाने के बावजूद सड़कों पर लगने वाला जाम व्यवस्था की हकीकत बयां कर रहा है।

प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिसकर्मियों की तैनाती तो है, लेकिन आरोप है कि कई स्थानों पर जवान जाम खुलवाने के बजाय किनारे खड़े नजर आते हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के साथ ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की आगे निकलने की होड़ से स्थिति और बिगड़ जाती है। इसका खामियाजा राहगीरों और स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ता है।


बिना हेलमेट स्कूटी पर सवार तीन सवारियां।


श्री कृष्ण जन्म स्थान से भूतेश्वर की ओर आने वाले मार्ग पर श्रीजी बाबा के सामने लगा जाम।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यातायात पुलिस की सक्रियता अधिकारियों की आवाजाही के दौरान ही दिखाई देती है।

किसी उच्चाधिकारी की गाड़ी का सायरन सुनते ही चौराहों पर तैनात जवान सक्रिय होकर जाम खुलवाने लगते हैं, लेकिन अधिकारी की गाड़ी गुजरते ही व्यवस्था फिर पुराने ढर्रे पर लौट आती है। ऐसे में आम लोगों को घंटों जाम से जूझना पड़ता है।

यातायात माह का उद्देश्य लोगों को नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ यातायात व्यवस्था सुचारु बनाना भी है, लेकिन शहर के हालात अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर रहे हैं। लोगों ने प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मियों की नियमित सक्रिय ड्यूटी और जाम से निजात के लिए ठोस इंतजाम करने की मांग की है।

इन स्थानों पर रोजाना जाम से जूझते हैं लोग

भूतेश्वर तिराहा, रेलवे अंडरपास, अमरनाथ विद्या आश्रम तिराहा, श्रीकृष्ण जन्मस्थान के सामने, डीग गेट, मिलन तिराहा, भरतपुर गेट, नया बस अड्डा, स्टेट बैंक, भैंस बहोरा, होली गेट चौराहा, क्वालिटी तिराहा, गोवर्धन चौराहा, मसानी बिजलीघर तिराहा, मंडी चौराहा और कलेक्ट्रेट के सामने जाम की समस्या आम बनी हुई है।

तीन सवारी बैठाकर फर्राटा भर रहे दोपहिया चालक

सड़क हादसों में कमी लाने के लिए समय-समय पर जागरूकता और चेकिंग अभियान चलाए जाते हैं, लेकिन इसके बावजूद दोपहिया वाहनों पर तीन सवारियां बैठाकर फर्राटा भरने का सिलसिला थम नहीं रहा। शहर में यह नजारा आम हो गया है। नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले न केवल अपनी, बल्कि दूसरों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं।

दो वांछित अभियुक्त घरों से गिरफ्तार

यूनिक समय, मथुरा। वृंदावन पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को दबिश देकर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों को उनके घरों से पकड़ा। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान धर्मेंद्र निवासी आशापुरम कॉलोनी, जसवंत टेलीकॉम वाली गली, मंडी चौराहा, थाना हाईवे और अनिकेत निवासी अंबेडकर मूर्ति के पास, इंद्रपुरी, गोवर्धन चौराहा, थाना हाईवे के रूप में हुई है। दोनों गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित चल रहे थे। पुलिस ने उनके ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

केशव वाटिका में अन्नकूट महोत्सव भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु


कार्यक्रम के दौरान भजनों का आनंद लेते श्रद्धालु।

यूनिक समय, मथुरा। अन्नदान महादान और नर सेवा नारायण सेवा के संकल्प के साथ केशव वाटिका में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। ठाकुर श्री केशव देव की छवि के समक्ष अन्नकूट सजाया गया, भव्य फूल बंगला सजाकर ठाकुरजी को विराजमान किया गया। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में भजनों की स्वर लहरियों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित सोहनलाल शर्मा एडवोकेट ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मनमोहन आगरा ने 'बस एक बार आजा गिर्राज की शरण में' भजन सुनाया। मानिक जैन ने 'छटा तेरी तीन लोक से न्यारी है गोवर्धन महाराज' की प्रस्तुति दी, जबकि संजय ने 'गिरीज वास में पाऊं ब्रज तज बैकुंठ न जाऊं भजन से भक्तों को भावविभोर किया। भजन संध्या में बड़ी संख्या में केशव भक्तों ने सहभागिता की। श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेने के साथ ठाकुरजी के दर्शन किए और अन्नकूट का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में कन्हैया लाल सुपारी वाले, नारायण प्रसाद शर्मा, दीपक शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, मोहन वर्मा, दिलीप पांडे, पंकज शर्मा, पीपी शर्मा, दिवाकर आचार्य, प्रदीप वर्मा, मोहित अग्रवाल और रोहित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

फूल बंगले में विराजे ठाकुर श्री केशव देव जी भक्तों ने ग्रहण किया अन्नकूट प्रसाद

B.L TIWARI MEMORIAL COSMETIC GYNAECOLOGY CENTRE
WORLD DIABETES DAY NOVEMBER 14
Regain Control & Confidence
Non surgical Laser based
TREATMENT OF URINARY LEAKAGE
No More Suffering from Piles
PILE | FISSURE | FISTULA
Treatment by Laser
डॉ. वर्षा तिवारी M.B.B.S., D.G.O. परामर्श समय प्रतिदिन 10 बजे से 2 बजे तक और सायं 6 बजे से 7 बजे तक
डॉ. बृजेन्द्र तिवारी M.B.B.S., M.S., F.I.C.S., F.I.A.G.S. परामर्श समय प्रतिदिन 12 बजे से 3 बजे तक
बी. एल. तिवारी मैमोरियल हॉस्पीटल
1663, बाढ़पुरा, सदर रोड़, मथुरा | 8650039936, 9456683794

(श्री अग्रवाल शिक्षा मण्डल 'रजि.' मथुरा द्वारा संचालित)
ब्रज चिकित्सा संस्थान
स्थापना वर्ष : 1978 दरेसी रोड, मथुरा- 281001 मो. 7300712610
प्रातः कालीन ओ.पी.डी.
2 नवम्बर 2026 से प्रारम्भ सोमवार से शनिवार विशेषज्ञ विभाग एवं चिकित्सक
जनरल मेडिसिन विभाग डॉ. हरेश कुमार रावत MBBS, MD (internal Medicine) पूर्व चिकित्सक-मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज एवं LNJP अस्पताल, नई दिल्ली समयः सुबह 10:00 से दोपहर 02:00 बजे तक
जनरल मेडिसिन विभाग डॉ. अखिल गुप्ता MBBS, MD (Medicine) BHU Fellowship in Echocardiography (2D Echo) Ex. Senior Resident Safdarjung Hospital, New Delhi SMS Medical College, Jaipur Medanta Hospital, Gurugram समयः सायं 5:00 से रात 8:00 बजे तक
नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग डॉ. रासबिहारी पाण्डेय MBBS, MD (बाल रोग)-गोल्ड मेडलिस्ट नवजात शिशु विश्व में फेलोशिप (FNNF) समयः सुबह 9:30 से दोपहर 12:00 बजे तक
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ. एकता थदानी सिंह MBBS, DGO (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) समयः सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार सुबहः 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग डॉ. नम्रता सिंह MBBS, MS (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ) समयः मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार सुबहः 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
नाक, कान, गला रोग रोग विभाग डॉ. अभिषेक जोशी MS (नाक-कान-गला रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन) समयः सुबह 10:00 से सुबह 11:30 बजे तक
नाक, कान, गला रोग रोग विभाग डॉ. प्रीति बंसल MBBS (गोल्ड मेडलिस्ट) MS (ENT) नाक-काग-गला रोग विशेषज्ञ एवं वर्जन समयः सोमवार से शुक्रवार शाम 4:00 से 6:00 बजे तक
फिजियोथेरेपिस्ट विभाग डॉ. रजनी भल्ला BPT, MIAP कंसल्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट समयः सुबह 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
दंत रोग विभाग डॉ. शिल्पी मंगल BDS, MIDA (दंत रोग विशेषज्ञ) समयः सुबह 11:00 से दोपहर 1:30 बजे तक
होम्योपैथिक विभाग डॉ. पार्थ भार्गव BHMS होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति समयः सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
नेत्र रोग विभाग डॉ. विशाल उप्पल MBBS, DOMS (नेत्र रोग विशेषज्ञ) समयः सुबह 11:00 से दोपहर 12:30 बजे तक
हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग डॉ. सौरभ बंसल MBBS, MS (ऑर्थो) समयः सुबह 11:00 से दोपहर 2:00 बजे तक
जनरल मेडिसिन विभाग डॉ. अंजलि चौधरी MBBS, MD (कंसल्टेंट फिजीशियन) समयः सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
सायंकालीन ओ.पी.डी. समयः सायं 4 बजे से सायं 8 बजे तक
उपलब्ध सुविधायें (किफायती दरों पर) पैथोलॉजी (जाँच सुविधायें) | डिजिटल एक्स-रे एवं ECG | अल्ट्रासाउण्ड (USG) | डायलिसिस सुविधा
रविवार ओ.पी.डी. अवकाश

KANHA MAKHAN GROUP OF SCHOOLS
Happy Children's Day
HarBachhaKhaasHai #हर बच्चा खास है
14th Nov 2026
Children are like buds in a garden and should be carefully and lovingly nurtured, as they are the future of the nation and the citizens of tomorrow.
— Pandit Jawaharlal Nehru
KMMS brings First Day Care and Day Boarding Facilities for the students of Mathura & Vrindavan
Our Branches
KANHA MAKHAN PUBLIC SCHOOL Saraswati Kund, Mathura. Mob.: 7060267202
KANHA MAKHAN PUBLIC SCHOOL Near Township, Mathura Mob.: 8899934753
KANHA MAKHAN KIDS PRIDE Maholi Road, Mathura. Mob.: 8272052043
KANHA MAKHAN PUBLIC SCHOOL Jai Gurudev Temple, Salempur Road, Mathura Mob.: 8272063022
KANHA MAKHAN PUBLIC SCHOOL Tehra Road, Vrindavan. Mob.: 9368539924
KANHA MAKHAN MILLENNIUM SCHOOL Saraswati Kund, Mathura. Mob.: 8899934756
KANHA MAKHAN PUBLIC SCHOOL Bathein Road, Kamar, Kosikalan Mob.: 7456001648
KANHA MAKHAN MILLENNIUM SCHOOL OMAXE ETERNITY, VRINDAVAN MOB: 8272061565
Head Office: Saraswati Kund, Mathura.

प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकरण में बीएसए ने नहीं दिए अभिलेख,जांच अटकी

समिति दो दिन और करेगी इंतजार, इसके बाद शिकायतों के आधार पर तैयार होगी जांच रिपोर्ट

यूनिक समय, मथुरा। परिषदीय विद्यालयों में नियमों को ताक पर रखकर शिक्षकों को प्रभारी प्रधानाध्यापक बनाए जाने का मामला अब जांच के दौरान ही उलझता नजर आ रहा है। डीएम चंद्रप्रकाश सिंह के अनुमोदन पर सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता की ओर से गठित जांच समिति को बेसिक शिक्षा विभाग ने अभी तक संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराए हैं। इसके चलते जांच प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। समिति अब दो दिन और अभिलेखों का इंतजार करेगी। इसके बाद भी रिकॉर्ड नहीं मिलने पर शिक्षकों की ओर से प्राप्त शिकायतों और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर जांच रिपोर्ट तैयार कर सीडीओ को सौंप दी जाएगी।

गौरतलब है कि जनपद के परिषदीय विद्यालयों में बीएसए रतन कीर्ति ने वरिष्ठता और निर्धारित नियमों को दरकिनार कर काफी संख्या में सहायक अध्यापकों को उपकृत करके विभिन्न ब्लॉकों में प्रभारी प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी सौंपे दी गई थी। यूनिक समय ने इस मामले को उछाला तो काफी शिकायतें डीएम- सीडीओ के पास तक पहुंची। प्रकरण में अनियमितताओं की शिकायतें मिलने के बाद सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता ने जांच कराने के निर्देश दिए थे।

मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम के अनुमोदन से जांच समिति गठित की गई थी। समिति को नियुक्तियों से संबंधित आदेश, वरिष्ठता सूची और अन्य जरूरी अभिलेखों की जांच कर रिपोर्ट देनी थी। समिति से जुड़े सूत्रों के अनुसार, सीडीओ ने जांच समिति के साथ ही बीएसए रतन कीर्ति को भी संबंधित अभिलेख दो दिन के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्धारित समय बीतने के बाद भी रिकॉर्ड समिति तक नहीं पहुंचे हैं। ऐसे में समिति के सामने जांच शुरू करने का संकट खड़ा हो गया है।

अभिलेखों के अभाव में फिलहाल समिति जांच आगे नहीं बढ़ा सकी है। अब दो दिन और इंतजार करने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद भी बीएसए कार्यालय से रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराए गए तो समिति शिक्षकों से प्राप्त शिकायतों, पूर्व में सामने आए तथ्यों और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर अपनी आख्या तैयार करेगी। ऐसे में अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि बीएसए कार्यालय जांच समिति को अभिलेख उपलब्ध कराता है या फिर समिति उपलब्ध शिकायतों के आधार पर ही अपनी रिपोर्ट सीडीओ को सौंपती है।

इस्तीफे के धमकी से बनाया जा रहा दवाब

प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकरण में तगड़ा खेल होने का दावा करने वाले सूत्र अधिकारियों पर दवाब बनाने को शिक्षा अधिकारी द्वारा इस्तीफे की धमकी देने की बात भी बताते हैं। ऐसे सूत्रों का कहना है कि प्रकरण में जांच को समिति बनने के बाद बीएसए ने सीडीओ को अकारण परेशान करने पर इस्तीफा देने को कहा था। अवकाश का प्रार्थना पत्र देते समय भी बीएसए ने इस्तीफा समझने की बात कही थी। विकास भवन के जानकार, इस्तीफे की धमकी को जांच रोकने को दवाब मान रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि 17 नवंबर के बाद इस मामले में सच्चाई सामने आएगी।

वेतन रोकने के बाद भी नहीं थम रहा जोधपुर स्कूल का विवाद

अब प्रधानाध्यापक का शराब पीने का वीडियो वायरल

बीएसए ने पूरे स्टाफ का वेतन और मानदेय अग्रिम आदेश तक रोका

अब वीडियो ने खड़े किए सवाल

यूनिक समय, मथुरा। फरह ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय जोधपुर में विभागीय कार्रवाई के बावजूद विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पहले निर्धारित समय से पहले विद्यालय बंद करने का मामला सामने आया और अब स्कूल समय में प्रधानाध्यापक के शराब पीने से जुड़ा वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने से शिक्षा विभाग में हलचल मच गई है। एक के बाद एक सामने आ रहे इन मामलों ने विद्यालय की कार्यप्रणाली और विभागीय निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। खास बात यह है कि समय से पहले स्कूल बंद करने के मामले में बीएसए पहले ही पूरे स्टाफ का वेतन और मानदेय रोकने की कार्रवाई कर चुकी हैं।

दरअसल, सात नवंबर को उच्च प्राथमिक विद्यालय जोधपुर निर्धारित समय से पहले बंद कर दिया गया था। इस दौरान शिक्षक और कर्मचारी विद्यालय से जा चुके थे। इस लापरवाही को लेकर यूनिक समय अखबार में फोटो और वीडियो के साथ खबर प्रकाशित की गई थी। खबर का संज्ञान लेते हुए बीएसए रतन कीर्ति ने खंड शिक्षा अधिकारी फरह की रिपोर्ट के आधार पर विद्यालय में तैनात समस्त शैक्षिक स्टाफ का वेतन और मानदेय अग्रिम आदेश तक रोकने के निर्देश जारी किए थे। साथ ही मामले की जांच कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए थे। विद्यालय में वेतन रोकने की कार्रवाई के बाद अब इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें विद्यालय समय के दौरान प्रधानाध्यापक के शराब पीने से संबंधित दृश्य होने का दावा किया जा रहा है। वीडियो को लेकर प्रधानाध्यापक की भूमिका भी चर्चा में है।

सवाल यह भी उठ रहा है कि जब विद्यालय में समय से पहले अवकाश करने के मामले में विभागीय जांच चल रही है और पूरे स्टाफ का वेतन रोका जा चुका है, तब विद्यालय परिसर से जुड़ा ऐसा वीडियो सामने कैसे आ गया। फिलहाल वीडियो कब का है, इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

राधे-राधे के जयकारों से गूंजा वृंदावन, श्रद्धालुओं ने लगाई परिक्रमा



शुक्रवार सुबह वृंदावन की परिक्रमा लगाते श्रद्धालु।

यूनिक समय, वृंदावन। धर्मनगरी शुक्रवार को राधे-राधे के जयकारों से गुंजायमान रही। सुबह से ही देश के विभिन्न राज्यों से आए श्रद्धालुओं का परिक्रमा लगाने के लिए पहुंचना शुरू हो गया। हाथों में माला, मुख पर राधारानी का नाम और मन में दर्शन की अभिलाषा लिए भक्त पूरे उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ परिक्रमा करते नजर आए। परिक्रमा मार्ग पर दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही।

परिक्रमा के दौरान जगह-जगह स्थित मंदिरों में दर्शन कर श्रद्धालु आगे बढ़ते रहे। कोई परिवार के साथ परिक्रमा कर रहा था तो कोई नंगे पैर चलकर अपनी आस्था प्रकट कर रहा था। रास्ते भर गूंजते राधे-राधे और श्रीकृष्ण के जयकारों ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। परिक्रमा मार्ग पर

सुबह से परिक्रमा मार्ग पर उमड़ी भक्तों की भीड़, मंदिरों में दर्शन कर मांगी मनौती

स्थित धार्मिक स्थलों और दुकानों पर भी श्रद्धालुओं की चहल-पहल दिखाई दी।

सुमित गोस्वामी ने बताया कि वृंदावन की परिक्रमा को धार्मिक दृष्टि से विशेष महत्व प्राप्त है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थली की परिक्रमा करने से भक्तों को पुण्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के चलते देश के कोने-कोने से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। शुक्रवार को भी भक्ति और श्रद्धा का ऐसा ही नजारा देखने को मिला। कोई भजन गुनगुनाते हुए आगे बढ़ रहा था तो कोई राधारानी का स्मरण करते हुए परिक्रमा पूरी करने में जुटा था।

सीएई मथुरा ने एकता क्रिकेट अकादमी को 187 रन से हराया

आर्यन तोमर ने जड़ा नाबाद शतक, बने प्लेयर ऑफ द मैच

यूनिक समय, मथुरा। सीएई मथुरा की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 40 ओवर के मुकाबले में एकता क्रिकेट अकादमी को 187 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। 13 नवंबर को एकता क्रिकेट अकादमी के मैदान पर खेले गए मुकाबले में आर्यन तोमर के शानदार शतक और गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन ने सीएई मथुरा को एकतरफा जीत दिलाई। टॉस जीतकर एकता क्रिकेट अकादमी ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीएई मथुरा ने निर्धारित 40 ओवर में पांच विकेट खोकर 295 रन बनाए। टीम की ओर से आर्यन तोमर ने 105 गेंदों पर 15 चौकों की मदद से नाबाद 116 रन की शानदार पारी खेली। हर्षित यादव ने 78 गेंदों पर 57 रन और रोहित चौधरी ने 32 गेंदों पर 34 रन बनाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। एकता क्रिकेट अकादमी की ओर से योगेश राजपूत ने दो और रजत शर्मा ने एक विकेट हासिल किया।



शतक लगाने के बाद बल्ला उठाकर अभिवादन करते आर्यन।

296 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्रिकेट अकादमी की टीम सीएई मथुरा के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। पूरी टीम 27.1 ओवर में 108 रन बनाकर आउट हो गई। कान्हा सिसोदिया ने 41 और कप्तान प्रथम वार्ष्णेय ने 40 रन बनाए। सीएई मथुरा की ओर से देव गोधरा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट चटकाए। वीर प्रताप सिंह और हर्ष चौधरी ने दो-दो विकेट हासिल किए। आर्यन तोमर ने भी एक विकेट लेकर टीम की जीत में योगदान दिया। शानदार शतकीय पारी और एक विकेट लेने वाले आर्यन तोमर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

लेखपाल संघ का 65वां स्थापना दिवस 14 को, होगा आयोजन

यूनिक समय, मथुरा। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की जनपद शाखा की ओर से 14 नवंबर को संगठन का 65वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष शैलेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को डैंपियर नगर स्थित पांचजन्य प्रेक्षागृह में शाम पांच बजे से होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आयुक्त नगेंद्र प्रताप सिंह और डीएम चंद्र प्रकाश सिंह शामिल होंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष राममूरत यादव और प्रदेश अध्यक्ष निलेश रंजन राव भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत शाम पांच से छह बजे तक स्वागत-सम्मान समारोह के साथ होगी। इसके बाद शाम छह से आठ बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



एआई और सेल्सफोर्स का संगम बदल रहा उद्योग जगत की तस्वीर

राजीव एकेडमी में विशेषज्ञ ने बीसीए विद्यार्थियों को दिए सफलता के मंत्र, आधुनिक तकनीकों से खुलेंगे रोजगार के नए रास्ते

यूनिक समय, मथुरा। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और सेल्सफोर्स तकनीक का समन्वय उद्योग जगत में तेजी से बदलाव ला रहा है। कंपनियां ग्राहक संबंध प्रबंधन, आंकड़ों के विश्लेषण और व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावी बनाने के लिए इन तकनीकों का इस्तेमाल कर रही हैं। ऐसे में एआई और सेल्सफोर्स का व्यावहारिक ज्ञान रखने वाले युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। यह बात कोड्लियो कंसल्टिंग में सेल्सफोर्स डेवलपर के रूप में कार्यरत विवेक तोमर ने राजीव एकेडमी फॉर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के बीसीए विभाग द्वारा आयोजित



बीसीए विद्यार्थियों को एआई और सेल्सफोर्स तकनीक के समन्वय की जानकारी देते विवेक तोमर।

अतिथि व्याख्यान में कही।

बीसीए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित व्याख्यान का विषय 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं सेल्सफोर्स तकनीक' रहा। विवेक तोमर ने बताया कि एआई सेल्सफोर्स की क्षमताओं को लगातार बढ़ा रही है। इसके माध्यम से कंपनियां ग्राहकों की जरूरतों को समझने, आंकड़ों का विश्लेषण करने और नियमित कार्यों को स्वचालित बनाने में सक्षम हो रही हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को इन तकनीकों के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी देते हुए कहा कि किताबी ज्ञान को औद्योगिक परिस्थितियों में लागू करने की क्षमता विकसित करना जरूरी है।

उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी प्रमाण-पत्र हासिल करने, व्यावहारिक प्रशिक्षण लेने और परियोजना आधारित अध्ययन पर ध्यान देने की सलाह दी। कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सफलता के लिए लगातार नई तकनीकें सीखना और अपने कौशल को समय के अनुरूप विकसित करना आवश्यक है। एआई और ग्राहक संबंध प्रबंधन तकनीक में दक्षता युवाओं के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ा सकती है।

संस्थान के निदेशक डॉ. अमर कुमार सक्सेना ने कहा कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक शिक्षा के साथ आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव देना जरूरी है। विशेषज्ञ व्याख्यान उन्हें उद्योग जगत की वास्तविक जरूरतों से परिचित कराते हैं।

चेयरमैन डॉ. रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि तकनीकी बदलावों के साथ रोजगार के स्वरूप भी बदल रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को पारम्परिक शिक्षा के साथ एआई और ग्राहक संबंध प्रबंधन जैसी उभरती तकनीकों में दक्षता हासिल करनी चाहिए। व्यावहारिक कौशल ही उन्हें प्रतिस्पर्धा के दौर में बेहतर करियर के लिए तैयार करेगा।



मंदिर जमीन का विवाद सुलझा प्रशासन ने कराई मेड़बंदी

ओवा में पांच दिन पहले हुआ था दो पक्षों में झगड़ा

नायब तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर कराया समझौता



जमीन से जुड़े विवाद की जानकारी लेते राजस्व अधिकारी।

यूनिक समय, शेरगढ़। थाना क्षेत्र के गांव ओवा में मंदिर की जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच लंबे समय से चल रहा विवाद आखिरकार तहसील प्रशासन की पहल पर समाप्त हो गया। नायब तहसीलदार अनमोल गर्ग ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाया और आपसी सहमति से विवाद का निस्तारण कराया। इसके बाद प्रशासनिक टीम और पुलिस की मौजूदगी में जमीन की मेड़बंदी कराई गई। जानकारी के अनुसार, करीब पांच दिन पहले मंदिर की जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया था कि मारपीट तक हो गई। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी वायरल हुआ था। मामला संज्ञान में आने के बाद तहसील छाता के नायब तहसीलदार अनमोल गर्ग राजस्व टीम के साथ गांव ओवा पहुंचे। उन्होंने दोनों पक्षों को बैठाकर उनकी बात सुनी और समझा-बुझाकर आपसी सहमति बनाई। इसके बाद राजस्व टीम ने मौके पर जमीन की मेड़बंदी कराई, जिससे विवादित जमीन की सीमाएं स्पष्ट हो सकें और भविष्य में विवाद की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान कानूनगो अमर सिंह, लेखपाल सर्वे रामकुमार सहित शेरगढ़ पुलिस टीम मौजूद रही। प्रशासन की इस पहल से गांव में लंबे समय से चल रहे विवाद पर विराम लगा और शांति व्यवस्था बनाए रखने में मदद मिली।

गोपाष्टमी पर गौसेवा आश्रय सदन का होगा लोकार्पण, जुटेंगे ब्रज के संत

17 नवंबर को नवीन श्रीकृष्ण गौशाला में आयोजन

हवन-पूजन के बाद होगा अन्नकूट प्रसाद वितरण

यूनिक समय, कोसीकलां। गोपाष्टमी पर नवीन श्रीकृष्ण गौशाला में गोसेवा के लिए नई पहल होने जा रही है। वेयर हाउस के पास स्थित गौशाला में 17 नवंबर को नवनिर्मित गौसेवा आश्रय सदन का लोकार्पण किया जाएगा। समारोह में ब्रज के प्रमुख संतों का समागम होगा और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच गौसेवा का संकल्प लिया जाएगा। नवीन श्रीकृष्ण गौशाला में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। गौसेवा आश्रय सदन का निर्माण उर्मिला देवी गिरधारी लाल अग्रवाल वकील परिवार के सहयोग से कराया गया है। इसका लोकार्पण ब्रज के संतों के सानिध्य में होगा। समारोह में वृंदावन के महंत राधामाधव चैतन्य दास, कोटवन के मौनी बाबा, बरसाना गौशाला के ब्रजशरण, कोकिलावन के प्रेमदास और बरसाना के गिरी बाबा शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे हवन से होगी। दस बजे गोपूजन, 11 बजे संतों का सत्संग और दोपहर 12 बजे अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा। बैठक में गौशाला की नई प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर भी निर्णय लिया गया। नई कमेटी का चुनाव 27 नवंबर को दोपहर एक बजे भरत मिलाप चौक पर कराया जाएगा। इसके अलावा एक दुकान के नाम परिवर्तन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक में अवधेश गुप्ता, कमल किशोर वार्ष्णेय, राजेश आचार्य, मोहन अग्रवाल, मास्टर अमरचंद चौधरी, शंकर बंसल, योगेश सोंखिया, डॉ. जगदीश, डीके खंडेलवाल, भगवत सोनी, पवन कुमार और नेमचंद गर्ग सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

पैमाइश के बाद चकमार्ग से हटाया अवैध कब्जा

आझईकलां में शिकायत पर राजस्व टीम ने की कार्रवाई

पुलिस बल रहा मौजूद



चकमार्ग से कब्जा हटवाती राजस्व विभाग की टीम।

यूनिक समय, चौमुहां। छाता तहसील क्षेत्र के गांव आझईकलां में चकमार्ग पर किए गए अवैध कब्जे को राजस्व विभाग की टीम ने पैमाइश कराकर हटवा दिया। पुलिस बल की मौजूदगी में हुई कार्रवाई के दौरान चकमार्ग को कब्जामुक्त कराया गया।

जानकारी के अनुसार, गांव निवासी महंत हरीकांत ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी कि राजस्व ग्राम आझईकलां में चकमार्ग संख्या 54 पर अवैध कब्जा किया गया है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए तहसीलदार छाता ने राजस्व टीम गठित कर मौके पर पैमाइश और नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

तहसीलदार नितिन कुमार के आदेश पर नायब तहसीलदार चौमुहां रूबी यादव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक हरीश चंद्र, क्षेत्रीय लेखपाल अकबरपुर गोविंद सारस्वत और लेखपाल चौमुहां योगेंद्र टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने जमीन की नापजोख कर चकमार्ग की स्थिति स्पष्ट की और कब्जा हटवाकर उसे मुक्त कराया।

घर से लापता हुआ 16 वर्षीय किशोर, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

यूनिक समय, मथुरा। थाना हाईवे क्षेत्र से 16 वर्षीय किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पिता की शिकायत पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। नवादा निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह परिवार के साथ वृंदावन में किराये के मकान में रहते हैं। सात नवंबर को उन्होंने बेटे खुश कुमार को घर से बार-बार बाहर जाने पर डांट दिया था। इसके बाद दोपहर करीब दो बजे वह बिना बताए चला गया। पिता के अनुसार, किशोर के पास मोबाइल है, वह छोटे भाई शिखर रतन से इंस्टाग्राम पर बातचीत भी कर रहा है, लेकिन घर नहीं लौट रहा और अपना पता भी नहीं बता रहा। काफी तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा। पुलिस ने 13 नवंबर को रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छह लोगों पर मारपीट का आरोप

यूनिक समय, मथुरा। फरह थाना क्षेत्र के नगला गांव में खेत की मेड़ काटने को लेकर विवाद हो गया। संजय सिंह ने आरोप लगाया कि नौ नवंबर को वह भाई रवि के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत जा रहे थे। रास्ते में प्रेमपाल से मेड़ काटने को लेकर बातचीत हुई तो उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद रिंकू, पुनीत, कांशू, गौरव समेत छह लोगों ने दोनों भाइयों को ट्रैक्टर से नीचे उतारकर लाठी-डंडों से पीटा। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

छाता में डॉ. अमर सिंह पौनिया की दावेदारी से बढ़ी राजनीतिक सरगर्मी

भाजपा से टिकट के लिए बायोडाटा सौंपा

अन्य दावेदारों में चर्चाएं तेज

यूनिक समय, कोसीकलां। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर छाता विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। भाजपा ओबीसी मोर्चा के ब्रजक्षेत्र उपाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह पौनिया ने पार्टी से टिकट के लिए अपना बायोडाटा सौंपकर दावेदारी पेश की है। पूर्व में छाता विधानसभा से चुनाव लड़ चुके डॉ. पौनिया की दावेदारी सामने आने के बाद भाजपा के टिकट के अन्य दावेदारों के बीच भी चर्चाएं तेज हो गई हैं।

डॉ. अमर सिंह पौनिया की दावेदारी को लेकर क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। समर्थक उनकी पूर्व चुनावी सक्रियता, संगठन में भूमिका और क्षेत्र में जनसंपर्क को उनकी दावेदारी का आधार बता रहे हैं। उनका कहना है कि डॉ. पौनिया लंबे समय से भाजपा की विचारधारा के अनुरूप संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय हैं और विभिन्न वर्गों के लोगों से उनका संपर्क है। समर्थकों के मुताबिक, डॉ. पौनिया की संघ और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के बीच भी अच्छी पहचान है। दिल्ली में पार्टी के शीर्ष नेताओं से उनकी मुलाकातों को भी राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

हालांकि, भाजपा की ओर से छाता विधानसभा के प्रत्याशी को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। क्षेत्र में उनकी दावेदारी को लेकर समर्थकों के बीच उत्साह दिखाई दे रहा है। वहीं, अन्य संभावित दावेदार भी अपनी राजनीतिक गतिविधियों और जनसंपर्क के जरिए टिकट की दौड़ में बने हुए हैं। ऐसे में 2027 के चुनाव से पहले छाता विधानसभा में भाजपा की टिकट की दावेदारी को लेकर सियासी हलचल बढ़ती नजर आ रही है।

नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ महापर्व

यूनिक समय, मथुरा। लोक आस्था, पवित्रता और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुक्रवार से नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। श्रद्धालु भगवान सूर्य और छठी मैया की आराधना के लिए उत्साहित हैं। घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस-प्रशासन भी सतर्क हो गया है। पं. आशुतोष मिश्रा ने बताया कि छठ महापर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत नहाय-खाय से होती है। पहले दिन व्रती स्नान कर पूरी शुद्धता और सात्विकता के साथ भोजन तैयार करते हैं। इसमें आम की लकड़ी के चूल्हे, देसी घी और सेंधा नमक का विशेष महत्व है। इसी दिन पूजा में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की खरीदारी भी की जाती है। उन्होंने बताया कि 14 नवंबर को खरना होगा।

इस दिन व्रती दिनभर उपवास रखने के बाद शाम को गुड़ की खीर और रोटी का प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद करीब 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। 15 नवंबर को श्रद्धालु नदी, तालाब और सरोवरों में पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। वहीं, 16 नवंबर की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रत का पारण किया जाएगा। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है।

ब्रज रज में लोटते हजारों श्रद्धालु कोसीकलां पहुंची 84 कोस परिक्रमा

फूलों की वर्षा और जयकारों से हुआ परिक्रमार्थियों का स्वागत

40 दिन में पूरी होगी यात्रा

यूनिक समय, कोसीकलां। ब्रजभूमि की रज में लोटकर भगवान श्रीकृष्ण की लीलास्थलियों के दर्शन करने की अभिलाषा लिए हजारों श्रद्धालु 84 कोस परिक्रमा पर निकल पड़े हैं। शुक्रवार को मान मंदिर बरसाना से शुरू हुई मोक्षदायिनी परिक्रमा के कोसीकलां पहुंचने पर पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। जगह-जगह श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और फूल बिछाकर स्वागत किया गया। राधे-राधे और बांकेबिहारी लाल के जयकारों से नगर की गलियां गूंज उठीं।

ब्रज की 84 कोस यानी करीब 252 किलोमीटर की परिक्रमा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। मान्यता है कि सच्चे मन और श्रद्धा के साथ ब्रज की परिक्रमा करने से 84 लाख योनियों के बंधन से मुक्ति मिलती है। इस यात्रा में ब्रज के 12 वन, 24 उपवन, गोवर्धन पर्वत, यमुना, बरसाना, नंदगांव और वृंदावन सहित भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलास्थलियों के दर्शन किए जाते हैं। करीब 40 दिनों तक चलने वाली इस कठिन पदयात्रा में आठ वर्ष के बच्चों से लेकर 80 वर्ष तक के बुजुर्ग शामिल हैं। श्रद्धालु नंगे पैर ब्रज की रज में लोटते हुए अपने आराध्य की लीलाभूमि के दर्शन कर रहे हैं। परिक्रमा मार्ग पर जगह-जगह सेवादारों ने जलपान, भंडारे और रात्रि विश्राम की व्यवस्था की है। परिक्रमार्थियों के स्वागत में नगरवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। जगह-जगह फूलों की वर्षा कर श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। भक्ति, सेवा और समर्पण के इस संगम ने एक बार फिर ब्रज की आध्यात्मिक महिमा को जीवंत कर दिया।

कोसीकलां में हरित इस्पात संयंत्र की उम्मीद जगी

स्टील कंज्यूमर फोरम के प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ

हजारों युवाओं को रोजगार मिलने की जताई उम्मीद

यूनिक समय, कोसीकलां। औद्योगिक पहचान की ओर कदम बढ़ा रहे कोसीकलां के लिए गुरुवार की शाम महत्वपूर्ण रही। आर्य नगर स्थित आर्य समाज धर्मशाला में स्टील कंज्यूमर फोरम के उत्तर प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कोसीकलां में हरित इस्पात संयंत्र स्थापित करने की पहल का ऐलान किया गया। संयंत्र की स्थापना की संभावना से क्षेत्र के औद्योगिक विकास और रोजगार के नए अवसरों की उम्मीद जगी है।

स्टील कंज्यूमर फोरम के प्रदेश वाइस चेयरमैन एवं युवा उद्योगपति सौरव अग्रवाल मालवीय की पहल पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग और फोरम की राष्ट्रीय चेयरमैन निवेदिता शर्मा प्रेम ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष अग्रवाल ने किया। राष्ट्रीय चेयरमैन निवेदिता शर्मा प्रेम ने कहा कि कोसीकलां में हरित इस्पात संयंत्र स्थापित कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। विकसित भारत अभियान के चीफ डॉ. संतोष राय ने कहा कि इस्पात उद्योग के बिना विकसित भारत का सपना अधूरा है।

प्रदेश चेयरमैन सरदार अमनजीत सिंह ने कहा कि संगठन व्यापारियों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का काम करेगा। निदेशक राजीव दुबे और रविकांत गर्ग ने सौरव अग्रवाल मालवीय की पहल को कोसीकलां के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस दौरान सौरव अग्रवाल मालवीय भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि कोसीकलां को औद्योगिक पहचान दिलाना उनके जीवन का संकल्प है। प्रदेश कार्यालय की स्थापना महज शुरुआत है। राष्ट्रीय नेतृत्व के सहयोग से क्षेत्र को नई पहचान दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। समारोह में एसएसए दीदी, निवेदिता प्रकाश, वारा मधु, वीर सिंह, अमिता सिंह, राजेंद्र मालवीय, यशपाल मालवीय, राकेश आर्य, अंकित मालवीय, अशोक बठैनिया, सचिन मालवीय, गौरव मालवीय, अजय अग्रवाल और दीपक बडगूजर सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

सुविचार

सच्चे शब्द वही हैं जो दिल छूकर सोच बदल देते हैं।

कल का पंचांग

तिथि	पंचमी	08:03-11:24 तक	पक्ष	कृष्ण पक्ष	
नक्षत्र	पू.आषाढ़	05:17-08:24 तक	माह	कार्तिक	
सूर्योदय		6:39 AM	चन्द्रोदय	11:01 AM	
सूर्यास्त		5:28 PM	चंद्रास्त	09:19 PM	
सूर्य राशि		तुला राशि	चंद्र	धनु राशि	
शुभ मुहूर्त		11:19AM –12:02 PM	ब्रहम् मुहूर्त	04:28-05:20	
त्योहार/व्रत			विक्रम संवत्	2083	
राहुकाल		09:21 AM: 10:42 AM	वार	शनिवार	

ब्रज के मंदिरों के दर्शन



ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

प्रसाद बाएं हाथ से क्यों नहीं लेते

जानिए आस्था से जुड़ा अनजाना सच



यूनिक समय, मथुरा। हिंदू धर्म में हर धार्मिक कर्मकांड, पूजा–पाठ और दैनिक अनुष्ठान के पीछे एक गहन अर्थ और परंपरा छिपी होती है। इन्हीं परंपराओं में एक महत्वपूर्ण नियम है – प्रसाद हमेशा दाहिने हाथ से लेना। यह नियम केवल रीति–रिवाज नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और ज्योतिषीय मान्यताओं से जुड़ा हुआ है।

हिंदू धर्म में दाहिने हाथ को शुभता और पवित्रता का प्रतीक माना गया है। पूजा–पाठ, हवन, आरती, तिलक, भोग लगाना जैसे सभी शुभ कार्य प्रायः दाहिने हाथ से किए जाते हैं। माना जाता है कि दाहिने हाथ से किए गए कार्यों का सकारात्मक फल मिलता है। जब हम प्रसाद – जो कि भगवान का आशीर्वाद है – ग्रहण करते हैं, तो उसका भी आदर और शुद्धता से लेना आवश्यक है। दाहिने हाथ से प्रसाद लेने का अर्थ है - ईश्वर की कृपा को विनम्रता और सम्मान से स्वीकार करना। परंपराओं के अनुसार बाएं हाथ का प्रयोग आमतौर पर शारीरिक स्वच्छता संबंधी कार्यों, जैसे शौच या सफाई में किया जाता है। इसी कारण इसे "अशुद्ध" माना गया है। धार्मिक ग्रंथों और शास्त्रों में यह स्पष्ट निर्देश है कि पूजा या किसी भी पवित्र कर्म में बाएं हाथ का उपयोग वर्जित है। इसका उद्देश्य शारीरिक स्वच्छता के साथ मानसिक अनुशासन बनाए रखना भी है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दाहिना हाथ सूर्य से जुड़ा हुआ होता है, जो ऊर्जा, तेज और सकारात्मकता का प्रतीक है। वहीं बायां हाथ चंद्रमा से जुड़ा माना गया है, जो मन, कल्पना और छिपी हुई ऊर्जा का प्रतीक है। इसी वजह से दाहिने हाथ को 'क्रिया शक्ति' और बाएं हाथ को 'ग्रहण शक्ति' माना गया है। शुभ कर्मों में क्रिया की प्रधानता होती है, इसलिए दाहिने हाथ का उपयोग करना उचित होता है।

प्रसाद ग्रहण करने से पहले हाथ स्वच्छ होने चाहिए। मन में भगवान के प्रति आभार हो, इसलिए प्रसाद लेने से पहले नम्रतापूर्वक प्रणाम करें। यदि किसी कारणवश दाहिने हाथ से लेना संभव न हो, तो दोनों हाथों से श्रद्धापूर्वक लें।

छोटी–छोटी बातें जैसे प्रसाद दाहिने हाथ से लेना न केवल परंपरा का पालन है, बल्कि यह हमारे मन और आत्मा की पवित्रता को भी दर्शाता है। यह केवल एक धार्मिक नियम नहीं, बल्कि ईश्वर के प्रति सम्मान का भाव है।

JAIGURUDEV MULTISPECIALITY HOSPITAL
मथुरा में सबसे कम दरों पर समस्त स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध
हमारी टीम के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टर
डॉ. अनिल कुमार गौतम M.B.B.S, M.D., MEDICINE (CONSULTANT PHYSICIAN)
डॉ. दुर्गेश कुमार M.B.B.S, D.N.B., ORTHO-SUR. JOINT REPLACEMENT
डॉ. वी. के. पांडे M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. संदीप गोवर्धन चौहान M.B.B.S, D.N.B., NEURO SURGEON
डॉ. इला अग्रवाल M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. एकता थडानी M.B.B.S., DNB. (OBGY)
डॉ. सी. एम. मवार M.B.B.S. DVD. MIADVI
डॉ. नितेश जिंदल MBBS, MD, MEDICINE
डॉ. नरेश अग्रवाल M.B.B.S., D.C.H
डॉ. अर्पण मौर्य M.B.B.S., M.S. (SURGERY) F.M.A.S F.I.A.G.E.S GERASER SURGO &
डॉ. मनदीप यादव D.P.T B.P.T
डॉ. चेतना अग्रवाल B.D.S., MIDA
डॉ. हरि प्रसाद (B.H.M.S) CONSULTANT HOMOEOPATH
डॉ. एम. माहेश्वरी M.B.B.S. (MS) OPTHOLMALOGY
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ₹ 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार
आयुष्मान कार्ड धारकों का स्वागत है
आपातकालीन मो.नं. 7078877006
8650777901, 8953925593
Maholi Link Road, Mathura (U.P.)

भोग लगते ही भोजन में क्यों आता है स्वाद का बदलाव

गीता में बताया गया है भोग का महत्व

तुलसी, स्वच्छता और श्रद्धा का अनूठा मेल



यूनिक समय, मथुरा। सनातन संस्कृति में भगवान को भोजन अर्पित करने की परंपरा को नैवेद्य कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि भगवान को श्रद्धा और प्रेम से भोग लगाने के बाद वही भोजन प्रसाद बन जाता है। इसे ग्रहण करने पर मन को विशेष शांति, संतोष और तृप्ति का अनुभव होता है। मान्यता के साथ इसके पीछे खानपान और मनोविज्ञान से जुड़े पहलू भी हैं।

श्रीमद्भागवत गीता के नौवें अध्याय के 26वें श्लोक में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि जो भक्त प्रेम और श्रद्धा से पत्ता, फूल, फल या जल अर्पित करता है, उसके भाव को वे स्वीकार करते हैं।

इसका संदेश है कि भगवान के लिए पकवानों की भव्यता से अधिक भक्त का भाव महत्वपूर्ण है। धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान भोजन का सूक्ष्म भाव स्वीकार करते हैं और वह भोजन प्रसाद के रूप में भक्तों को मिलता है।

हिंदू परंपरा में भगवान के भोग में तुलसी दल रखने का विशेष महत्व है। तुलसी की अपनी विशिष्ट सुगंध होती है और इसमें कई जैव सक्रिय तत्व पाए जाते हैं।

वहीं भोग का भोजन सामान्यतः स्वच्छता और सात्विकता के साथ तैयार किया जाता है। इसमें प्याज–लहसुन का प्रयोग नहीं किया जाता। भोजन को कुछ समय ढककर रखने से उसकी भाप और सुगंध भी अच्छी तरह मिल सकती है। इसके अलावा श्रद्धा और सकारात्मक मनोदशा भोजन के स्वाद के अनुभव को प्रभावित कर सकती है। इस तरह प्रसाद केवल भोजन नहीं, बल्कि आस्था, कृतज्ञता और सामूहिकता का प्रतीक बन जाता है।

अक्षय नवमी पर आंवले के पेड़ के नीचे भोजन करने की अनोखी परंपरा



यूनिक समय, मथुरा। सनातन धर्म में अक्षय नवमी का विशेष धार्मिक महत्व है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व पर आंवले के पेड़ की पूजा करने और उसकी छांव में बैठकर भोजन करने की परंपरा है। मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा और दान–पुण्य करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इसके पीछे मां लक्ष्मी से जुड़ी एक रोचक पौराणिक कथा प्रचलित है।

धार्मिक कथा के अनुसार, एक बार मां लक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण कर रही थीं। उनके मन में भगवान विष्णु और भगवान शिव की एक साथ पूजा करने की इच्छा हुई। मान्यता है कि भगवान विष्णु को तुलसी और भगवान शिव को बेलपत्र प्रिय हैं। मां लक्ष्मी ने आंवले के पेड़ में दोनों देवताओं के गुणों का प्रतीक देखा और उसे दोनों का स्वरूप मानकर पूजा की।

मां लक्ष्मी ने एक साथ की थी विष्णु–शिव की पूजा

पेड़ के नीचे भोजन बनाकर देवताओं को कराया भोग

उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु और शिव प्रकट हुए। कथा के अनुसार, मां लक्ष्मी ने आंवले के पेड़ के नीचे भोजन तैयार किया और भगवान विष्णु तथा शिव को प्रेमपूर्वक भोजन कराया। इसके बाद उन्होंने स्वयं भी वहीं बैठकर भोजन ग्रहण किया। मान्यता है कि तभी से अक्षय नवमी पर आंवले के पेड़ के नीचे भोजन करने की परंपरा शुरू हुई।

इस दिन महिलाएं आंवले के पेड़ की जड़ में जल चढ़ाती हैं, रोली–अक्षत और फूल अर्पित करती हैं। कई स्थानों पर पेड़ के तने पर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा भी की जाती है। पूजा के बाद कथा सुनकर परिवार के साथ पेड़ की छांव में भोजन किया जाता है। यह परंपरा प्रकृति के प्रति सम्मान, पारिवारिक एकता और धार्मिक आस्था का संदेश देती है।

छठ के प्रसाद में छिपा सेहत का खजाना, हर फल के हैं अपने फायदे

यूनिक समय, मथुरा। छठ महापर्व आस्था, प्रकृति और स्वास्थ्य के अनूठे संगम का प्रतीक है। सूर्यदेव और छठी मैया की पूजा में चढ़ाए जाने वाले फल और पारंपरिक खाद्य पदार्थ धार्मिक महत्व के साथ पोषण की दृष्टि से भी खास हैं। बांस के दउरा और सूप में सजने वाले आंवला, अमरूद, अनार, केला, नारियल, अदरक, कच्ची हल्दी, शकरकंद और गन्ना जैसे प्रसाद प्रकृति की देन हैं। इनमें मौजूद विटामिन, खनिज, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट शरीर को जरूरी पोषण प्रदान करते हैं।

छठ में मौसमी फलों को शामिल करने की परंपरा खानपान की प्राकृतिक विविधता को भी दर्शाती है। बदलते मौसम में इनका सेवन संतुलित आहार का अच्छा हिस्सा बन सकता है। आंवला विटामिन सी का अच्छा स्रोत है।



इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव तनाव से बचाने में मदद करते हैं।

आंवला और अनार से मिलते हैं एंटीऑक्सीडेंट

केला, नारियल और शकरकंद भी पोषण से भरपूर

यह त्वचा और बालों के स्वास्थ्य के लिए भी उपयोगी माना जाता है। वहीं अनार में पॉलीफेनॉल जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए फायदेमंद हैं। इसके अलावा अमरूद विटामिन सी और फाइबर से भरपूर होता है। यह पाचन को दुरुस्त रखने और सामान्य रोग प्रतिरोधक क्षमता को बनाए रखने में मदद करता है। छठ के प्रसाद में शामिल केला पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेट और विटामिन बी–6 का स्रोत है। यह शरीर को ऊर्जा देने में मदद करता है। नारियल में प्राकृतिक वसा और खनिज पाए जाते हैं। इसका सेवन ऊर्जा और पोषण प्रदान करता है। शकरकंद में फाइबर, बीटा–कैरोटीन और पोटैशियम मौजूद होते हैं। यह आंखों और पाचन तंत्र के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है।

गन्ने में प्राकृतिक शर्करा होती है, जो ऊर्जा देती है। अदरक पाचन में सहायक हो सकता है, जबकि कच्ची हल्दी में करक्यूमिन नामक तत्व पाया जाता है। इस तरह छठ का प्रसाद केवल धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि मौसमी और पौष्टिक खाद्य पदार्थों को अपनाने का संदेश भी देता है।

सम्पादकीय

नौकरी भी करो, कंपनी का ढोल भी पीटो

नौकरी के पुराने नियम बदल रहे हैं। पहले बॉस की नजर इस बात पर रहती थी कि कर्मचारी समय पर दफ्तर पहुंचा या नहीं, काम पूरा किया या नहीं और लक्ष्य हासिल किया या नहीं। अब इसमें एक नया काम भी जुड़ गया है। कर्मचारी अपनी नौकरी तो करे ही, साथ में कंपनी का प्रचार भी करे। वह भी सोशल मीडिया पर ऐसे कि पोस्ट पर लाइक और तारीफों की बरसात हो जाए। यानी अब दफ्तर में काम करने के साथ डिजिटल दुनिया में कंपनी का झंडा उठाना भी जरूरी होता जा रहा है।



पवन गौतम
संपादक

इसी नए चलन को वर्कफ्लुएंसर कहा जा रहा है। मतलब ऐसा कर्मचारी, जो अपने कामकाजी अनुभव, दफ्तर के माहौल, तकनीकी जानकारी और कंपनी से जुड़ी गतिविधियों को सोशल मीडिया पर साझा करे। कंपनियों को इसमें दोहरा फायदा दिखाई देता है। विज्ञापन का खर्च बचेगा और प्रचार भी किसी ऐसे व्यक्ति के माध्यम से होगा, जिस पर लोग भरोसा करते हैं। आखिर कंपनी के विज्ञापन से ज्यादा असर उस कर्मचारी की बात का होता है, जो खुद वहां काम करता है।

संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।

मगर कर्मचारियों की मुश्किल भी कम दिलचस्प नहीं है। सुबह से शाम तक लक्ष्य पूरा करने की दौड़, बैठकों का बोझ, बॉस की नाराजगी और समय सीमा का दबाव अलग। अब इन सबके बीच यह भी सोचिए कि आज कौन-सी पोस्ट डालें, कौन-सा विषय लोगों को पसंद आएगा और कितने लाइक मिलेंगे। नौकरी के बाद घर जाकर आराम करने के बजाय सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने की नई पारी शुरू हो गई है।

हालांकि, इसमें अवसर भी छिपा है। कर्मचारी अपनी विशेषज्ञता और अनुभव से पहचान बना सकता है। अतिरिक्त कमाई के रास्ते खुल सकते हैं और भविष्य में नौकरी से अलग भी अपनी पहचान कायम कर सकता है।

लेकिन कंपनियों को यह समझना होगा कि कर्मचारी कोई चलता-फिरता विज्ञापन बोर्ड नहीं है। उसे काम के साथ प्रचार का दबाव देना आसान है, मगर रचनात्मकता आदेश से पैदा नहीं होती। फंडा यह है कि आने वाले समय में कर्मचारी की पहचान सिर्फ उसके काम से नहीं, उसके फॉलोअर्स से भी हो सकती है। बस ध्यान रहे, कहीं ऐसा न हो कि बॉस काम का हिसाब बाद में मांगे और पोस्ट के लाइक पहले गिनने लगे!

नजरिया

नेताओं-अफसरों के बाद अब सीईओ भी हनीट्रैप के निशाने पर

बोध प्रकाश सगुणी



जासूसी की दुनिया में हनीट्रैप यानी प्रेमजाल का इस्तेमाल कोई नई बात नहीं है। पहले इसके निशाने पर राजनेता, सैन्य अधिकारी, राजनयिक और सरकारी विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण लोग हुआ करते थे, लेकिन बदलते दौर में इसका दायरा बढ़ता जा रहा है। अब दुनिया की बड़ी कंपनियों के प्रमुख और मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी ऐसे खतरों की चर्चा के केंद्र में हैं। इसकी वजह साफ है कि आज किसी देश की ताकत केवल उसकी सेना और हथियारों से नहीं, बल्कि तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अत्याधुनिक उपकरणों पर नियंत्रण से भी तय होती है।

नवंबर 2026 में दुनिया की प्रमुख तकनीकी कंपनी एनवीडिया और उसके प्रमुख जेनसन हुआंग से जुड़ा विवाद इसी बदलती तस्वीर की ओर इशारा करता है। कंपनी के बनाए अत्याधुनिक अर्धचालक चिप्स आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता की दुनिया की रीढ़ माने जाते हैं। अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी वर्चस्व की लड़ाई में इन चिप्स की अहम भूमिका है। ऐसे में कंपनी के शीर्ष नेतृत्व से जुड़ा कोई भी विवाद केवल कारोबारी मामला नहीं रह जाता, बल्कि उसके प्रभाव राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय संबंधों तक पहुंच सकते हैं।

सामने आई खबरों के मुताबिक, जेनसन हुआंग का ऐलिस हुआंग नाम की एक चीनी कारोबारी महिला के साथ संबंध चर्चा में आया। अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को कथित तौर पर संदेह था कि ऐलिस के चीन की खुफिया व्यवस्था से संबंध हो सकते हैं। वह सिंगापुर की क्लाउड कंप्यूटिंग कंपनी मेगास्पीड इंटरनेशनल से जुड़ी रही थीं। आरोप यह भी लगाया गया कि उनके कारोबारी संपर्कों के जरिये अमेरिकी निर्यात प्रतिबंधों के बावजूद करीब 7.5 अरब डॉलर के एनवीडिया चिप्स चीन तक पहुंचाने में मदद मिली। इस पूरे प्रकरण ने इसलिए भी गंभीर रूप ले लिया क्योंकि एनवीडिया के चिप्स अमेरिका की तकनीकी और सामरिक ताकत का अहम हिस्सा हैं। कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से स्वतंत्र जांच शुरू किए जाने और अमेरिकी जांच एजेंसियों की दिलचस्पी बढ़ने की खबरों ने विवाद को और तूल दिया। कंपनी के शेयरों में गिरावट और उसके बाजार मूल्य में भारी कमी की खबरें भी सामने आईं। हालांकि, इन आरोपों और जेनसन हुआंग से जुड़े घटनाक्रम को स्थापित तथ्य मानने से पहले आधिकारिक पुष्टि और विश्वसनीय जांच निष्कर्षों को देखना जरूरी है।

आज अर्धचालक चिप्स केवल इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का हिस्सा नहीं रह गए हैं। लड़ाकू विमानों, मिसाइलों, उपग्रहों, सुपर कंप्यूटरों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रणालियों तक में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। जिस देश के पास अत्याधुनिक चिप्स बनाने और उनकी आपूर्ति नियंत्रित करने की क्षमता होगी, वह भविष्य की आर्थिक और सैन्य ताकत को प्रभावित कर सकता है। इसी कारण अमेरिका ने चीन को अत्याधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले चिप्स की आपूर्ति पर कई प्रतिबंध लगाए हैं। दूसरी ओर चीन अपनी तकनीकी क्षमता बढ़ाने और इन प्रतिबंधों के प्रभाव को कम करने में जुटा है। इस संघर्ष में एनवीडिया जैसी कंपनियां केवल कारोबारी संस्थान नहीं रह जातीं, बल्कि उनके फैसले देशों के रणनीतिक हितों को भी प्रभावित करने लगते हैं। हनीट्रैप का इस्तेमाल जासूसी की दुनिया में दशकों से होता आया है। शीत युद्ध के दौर में सोवियत संघ की खुफिया एजेंसी केजीबी और पूर्वी जर्मनी की स्टासी पर आकर्षण और निजी संबंधों के माध्यम से महत्वपूर्ण लोगों को प्रभावित करने के आरोप लगते रहे। इस तरीके का मकसद केवल व्यक्तिगत संबंध बनाना नहीं, बल्कि गोपनीय जानकारियां हासिल करना और जरूरत पड़ने पर संबंधित व्यक्ति को दबाव में लाना भी होता था।

सिंगापुर के राजनयिक अधिकारी एलन वी खेंग सून का मामला इसका एक उदाहरण है। वर्ष 1980 में सोवियत एजेंट से संबंधों और गोपनीय सूचनाएं साझा करने के मामले में उन्हें दस साल की सजा हुई थी। इसी तरह ताइवान के सेना अधिकारी लो सिएन-चे को 2011 में चीन के लिए जासूसी करने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी। उनके मामले में भी हनीट्रैप की भूमिका चर्चा में रही। फ्रांस के राजनयिक बर्नार्ड बोरसिकोट का मामला भी काफी चर्चित रहा। वर्ष 1964 में बीजिंग में उनकी मुलाकात चीनी ओपेरा कलाकार शी पेई पु से हुई। करीब दो दशक तक चले संबंधों के दौरान बोरसिकोट को धोखे में रखकर फ्रांस के गोपनीय राजनयिक दस्तावेज हासिल किए गए। वर्ष 1983 में मामला सामने आया और 1986 में दोनों को जासूसी का दोषी ठहराया गया। अमेरिका में भी चीनी नागरिक फांग फांग के राजनेताओं और स्थानीय नेताओं से संपर्क बनाने का मामला चर्चा में रहा। हालांकि, उनके खिलाफ जासूसी का कोई आपराधिक आरोप साबित नहीं हुआ।

बदलती दुनिया में जासूसी का अर्थ भी बदल रहा है। पहले खुफिया एजेंसियों की दिलचस्पी मुख्य रूप से सैन्य योजनाओं, सरकारी दस्तावेजों और कूटनीतिक सूचनाओं तक सीमित मानी जाती थी। अब तकनीकी कंपनियों के शोध, उत्पादन क्षमता, कारोबारी समझौते, आपूर्ति व्यवस्था और भविष्य की योजनाएं भी बेहद महत्वपूर्ण हो गई हैं।

किसी कंपनी के प्रमुख तक पहुंच बनाने का मतलब उसके निर्णयों और कारोबारी नेटवर्क को प्रभावित करने की संभावना पैदा करना हो सकता है। यही वजह है कि कंपनियों को अब केवल साइबर सुरक्षा ही नहीं, बल्कि अपने शीर्ष अधिकारियों की निजी और कारोबारी सुरक्षा पर भी ध्यान देना पड़ रहा है।

कुल मिलाकर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और चिप्स की बढ़ती अहमियत ने जासूसी के पुराने तरीकों को नया संदर्भ दे दिया है। अब सवाल केवल यह नहीं है कि किस देश के पास कितने हथियार हैं, बल्कि यह भी है कि किसके पास भविष्य की तकनीक पर नियंत्रण होगा। ऐसे में आने वाले समय में बड़ी कंपनियों के प्रमुख भी भू-राजनीतिक संघर्ष और खुफिया गतिविधियों के संभावित निशाने बन सकते हैं।

विचार विंडो

आधी बर्थ का पूरा किराया, आरएसी व्यवस्था पर उठे सवाल

राम प्रकाश शर्मा



भारतीय रेल में सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए आरएसी टिकट की व्यवस्था आने वाले समय में बदल सकती है। दशकों से चली आ रही इस व्यवस्था को खत्म करने अथवा इसमें बदलाव करने पर रेल मंत्रालय विचार कर रहा है। यदि ऐसा होता है तो ट्रेनों में एक बर्थ पर दो यात्रियों के सफर करने की परंपरा समाप्त हो सकती है। हालांकि, अभी इस संबंध में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। फिलहाल यह प्रस्ताव और यात्रियों की सुविधाओं से जुड़ी चिंताओं के बीच विचार-विमर्श का विषय है।

आरएसी यानी रद्दीकरण के बदले आरक्षण की व्यवस्था उन यात्रियों के लिए शुरू की गई थी, जिन्हें तत्काल पक्की बर्थ उपलब्ध नहीं हो पाती थी। इसके तहत यात्री को ट्रेन के आरक्षित डिब्बे में सफर करने की अनुमति तो मिल जाती है, लेकिन पूरी बर्थ के बजाय उसे किसी दूसरे यात्री के साथ जगह साझा करनी पड़ती है। आमतौर पर दो आरएसी यात्रियों को एक निचली किनारे वाली बर्थ आवंटित की जाती है। दिन में इस बर्थ पर दोनों बैठकर यात्रा करते हैं और रात में सोने के लिए जगह साझा करते हैं।

आरएसी व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल किराये को लेकर उठ रहा है। यात्रियों से पूरा किराया वसूला जाता है, लेकिन बदले में उन्हें पूरी बर्थ की सुविधा नहीं मिलती। एक ही बर्थ पर दो यात्रियों को सफर करना पड़ता है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि जब यात्री पूरा पैसा चुका रहा है तो उसे पूरी सुविधा क्यों नहीं मिलनी चाहिए?

एक संसदीय समिति ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। समिति का मानना है कि रेलवे को आरएसी व्यवस्था की समीक्षा करनी चाहिए। खासकर इस बात पर विचार होना चाहिए कि साझा बर्थ उपलब्ध कराने के बावजूद यात्रियों से पूरा किराया वसूलना कितना उचित है। समिति की इस चिंता के बाद रेल मंत्रालय में व्यवस्था को लेकर मंथन की चर्चा तेज हुई है।

आरएसी व्यवस्था में केवल जगह की कमी ही समस्या नहीं है, बल्कि कई बार यात्रियों की निजता और सहजता का सवाल भी सामने आता है। मसलन, जब एक ही बर्थ पर किसी पुरुष और महिला यात्री को जगह आवंटित होती है तो दोनों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। रात के समय सोने की व्यवस्था को लेकर भी परेशानी होती है।

ऐसी परिस्थितियों में रेलगाड़ी के टिकट परीक्षक के सामने भी मुश्किल खड़ी हो जाती है। यदि किसी अन्य बर्थ के खाली होने की संभावना नहीं है तो वह चाहकर भी यात्रियों को अलग-अलग जगह उपलब्ध नहीं करा पाते। यही वजह है कि आरएसी व्यवस्था को यात्रियों की सुविधा और व्यावहारिक जरूरतों के नजरिये से दोबारा देखने की मांग उठ रही है।

रेलवे आरक्षण में आरएसी को पक्के और प्रतीक्षा सूची वाले टिकट के बीच की स्थिति माना जाता है। आरएसी टिकट वाले यात्री को ट्रेन में यात्रा करने की अनुमति होती है। इसके विपरीत, प्रतीक्षा सूची में रहने वाले यात्रियों का टिकट यात्रा का समय आने तक पक्का नहीं होने पर उन्हें आरक्षित डिब्बे में सफर करने की अनुमति नहीं मिलती।

आरएसी यात्रियों को शुरुआत में साझा बर्थ दी जाती है। हालांकि, यदि पक्के आरक्षण वाले किसी यात्री का टिकट रद्द हो जाता है तो खाली हुई बर्थ आरएसी यात्री को आवंटित की जा सकती है। इससे आरएसी टिकट पक्के आरक्षण में बदल जाता है। इस तरह टिकट रद्द होने और बर्थ की उपलब्धता के आधार पर यात्रियों को पूरी बर्थ मिलने की संभावना बनी रहती है।

आरएसी व्यवस्था की शुरुआत के पीछे रेलवे की पुरानी आरक्षण प्रणाली भी एक बड़ी वजह थी। उस समय टिकटों का आरक्षण मुख्य रूप से हाथ से किया जाता था। टिकट रद्द होने और खाली होने वाली बर्थ का तत्काल हिसाब रखना आसान नहीं था। ऐसे में आरएसी व्यवस्था के माध्यम से खाली होने वाली बर्थ का बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता था। इससे अधिक यात्रियों को ट्रेन में सफर करने का अवसर मिलता था।

समय के साथ रेलवे की आरक्षण प्रणाली कंप्यूटरीकृत हो गई। अब टिकट रद्द होने, खाली बर्थ की जानकारी और यात्रियों को बर्थ आवंटित करने की प्रक्रिया पहले की तुलना में आसान हो गई है। इसके बावजूद आरएसी व्यवस्था रेलवे की आरक्षण प्रणाली का हिस्सा बनी रही।

अब सवाल यह है कि जब रेलवे के पास आधुनिक आरक्षण प्रणाली है तो क्या साझा बर्थ की पुरानी व्यवस्था को जारी रखना जरूरी है?

संसदीय समिति की आपत्तियों और यात्रियों की सुविधा से जुड़े मुद्दों ने इस बहस को नया आधार दिया है। हालांकि, आरएसी को पूरी तरह समाप्त करने, किराये में बदलाव करने या कोई नई व्यवस्था लागू करने पर अभी अंतिम फैसला नहीं हुआ है। रेल मंत्रालय के संभावित निर्णय पर उन यात्रियों की निगाहें टिकी हैं, जिन्हें अक्सर आरएसी टिकट के सहारे सफर करना पड़ता है।

तीन दिग्गज शून्य पर आउट, भारत के नाम जुड़ा वनडे का शर्मनाक रिकॉर्ड

न्यूजीलैंड के खिलाफ चौथे वनडे में पहले ही ओवर में गिरे तीन विकेट

मैट हेनरी ने बिना रन दिए मचाई तबाही



यूनिक समय, नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पांच मैचों की वनडे सीरीज के चौथे मुकाबले में टीम इंडिया की शुरुआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा, विराट कोहली और कप्तान श्रेयस अय्यर तीनों अपना खाता तक नहीं खोल सके। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने पहले ही ओवर में तीनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर भारतीय टीम को बड़ा झटका दिया। इसके साथ ही वनडे इंटरनेशनल क्रिकेट में भारत के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज हो गया, जो इससे पहले कभी नहीं बना था। दरअसल, मुकाबले में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। न्यूजीलैंड ने विल यंग के शानदार शतक की बदौलत 333 रन बनाए और भारत के सामने 334 रनों का लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम से रोहित और विराट से बड़ी पारियों की उम्मीद थी, लेकिन शुरुआत में ही पूरी तस्वीर बदल गई। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी पहला ओवर लेकर आए। ओवर की पहली गेंद पर रोहित शर्मा बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन वह भी चार गेंदों का सामना करने के बाद पांचवीं गेंद पर शून्य पर पवेलियन लौट गए। ओवर की आखिरी गेंद पर कप्तान श्रेयस अय्यर भी अपना विकेट गंवा बैठे। इस तरह भारत का स्कोर बिना कोई रन बनाए तीन विकेट हो गया। आंकड़ों के मुताबिक, रोहित और विराट एक ही वनडे मुकाबले में दूसरी बार शून्य पर आउट हुए। इससे पहले साल 2010 में श्रीलंका के खिलाफ दोनों बल्लेबाज डक पर आउट हुए थे। वहीं, वनडे इतिहास में यह पांचवीं बार हुआ जब किसी टीम ने विपक्षी टीम के तीन विकेट बिना कोई रन दिए गिरा दिए। खास बात यह रही कि भारतीय क्रिकेट के इतिहास में पहली बार टीम इंडिया ने वनडे में बिना रन बनाए तीन विकेट गंवाए।

कॉलेज में कत्ल और रिश्तों के राज शनाया कपूर का डबल रोल



स्टूडेंट ऑफ द ईयर आफ्टर डाक' में ग्लैमर की जगह मर्डर मिस्ट्री

यूनिक समय, नई दिल्ली। जौहर के धर्मांटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी वेब सीरीज 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुकी है। रीमा माया के निर्देशन में बनी छह एपिसोड की इस थ्रिलर सीरीज में कॉलेज की चमक–दमक के बजाय कत्ल, रहस्य और रिश्तों की उलझनों को दिखाया गया है। सीरीज में शनाया कपूर डबल रोल में नजर आ रही हैं। कहानी टेरेसा कॉलेज की छात्रा आयशा मलिक की अचानक हुई मौत से शुरू होती है। उसकी जुड़वां बहन अदिति इस रहस्यमयी मौत की सच्चाई जानने के लिए कॉलेज पहुंचती है। जांच के दौरान उसके सामने दोस्तों की आड़ में छिपे कई चौंकाने वाले राज खुलते हैं। सीरीज में दिविक शर्मा, अभिनव सिंह, मान्या ग्रोवर, शीबा चड्ढा और नीरज काबी भी अहम भूमिकाओं में हैं। शनाया ने आयशा और अदिति के अलग–अलग स्वभाव को दिखाने की कोशिश की है। उनका भावनात्मक अभिनय प्रभाव छोड़ता है, हालांकि कुछ जगह सुधार की गुंजाइश है। सीरीज का कॉन्सेप्ट दिलचस्प है, लेकिन धीमी रफ्तार, कमजोर स्क्रीनप्ले और लंबी एडिटिंग रोमांच कम कर देती है। इसे 5 में से 3 स्टार मिले हैं।

मौसमी चटर्जी ने पहले बेटी को खोया, अब पति का साथ छूटा



दिग्गज अभिनेत्री के पति जयंत मुखर्जी का 12 नवंबर को निधन

2019 में बड़ी बेटी पायल को भी खो चुकी हैं मौसमी

यूनिक समय, नई दिल्ली। बॉलीवुड और बंगाली सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री मौसमी चटर्जी की जिंदगी में एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके पति जयंत मुखर्जी का 12 नवंबर को मुंबई में निधन हो गया। वह मशहूर गायक और संगीतकार हेमंत कुमार के बेटे थे। उनके निधन की खबर से परिवार और मनोरंजन जगत में शोक की लहर है। हालांकि, अभी तक उनकी मौत की वजह सामने नहीं आई है। जयंत मुखर्जी ने संगीत की दुनिया में करियर बनाने के बजाय फिल्म और टेलीविजन प्रोडक्शन को अपना कार्यक्षेत्र चुना था। वह हमेशा लाइमलाइट से दूर रहे।

उनके प्रोडक्शन से जुड़ी फिल्मों में 1975 की 'मजाक' और 1979 की 'दो लड़के दोनों कड़के' शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 1992 में प्रसारित टीवी सीरियल 'तलाश' के निर्माण में भी योगदान दिया था। जयंत और मौसमी की शादी लंबे समय तक चली। दोनों की दो बेटियां पायल और मेघा हैं।

हालांकि, दिसंबर 2019 में परिवार को बड़ा सदमा लगा था, जब उनकी बड़ी बेटी पायल का निधन हो गया था। अब पति को खोने से मौसमी और उनकी छोटी बेटी मेघा पर दुखों का एक और पहाड़ टूट पड़ा है। जयंत अपने पीछे पत्नी और बेटी मेघा को छोड़ गए हैं।

कभी 'जोश' से मचाया था धमाल अब बदहाली में छलके आंसू



फिल्मों से दूर एक्टर का बदला लुक देख हैरान हुए फैंस

शारीरिक परेशानियों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के चलते अस्थायी रूप से भेजने पड़े अपने पालतू कुत्ते

यूनिक समय, नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्म 'जोश' से पहचान बनाने वाले अभिनेता शरद कपूर इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। कभी अपने हैंडसम लुक और शानदार पर्सनैलिटी से सुर्खियां बटोरने वाले शरद का एक भावुक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें वह अपने चार पालतू कुत्तों से अलग होते हुए रोते नजर आ रहे हैं। उनका बदला हुआ लुक देखकर भी फैंस हैरान हैं। दरअसल, मुंबई के बेजुबान पब्लिक वेलफेयर ट्रस्ट की संस्थापक हेमा चौधरी ने यह वीडियो साझा किया है।

उनके मुताबिक, शरद कुछ शारीरिक परेशानियों से गुजर रहे हैं। घर में पत्नी और नवजात बच्चा होने के कारण चार कुत्तों की देखभाल करना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में उन्हें फिलहाल एनिमल वेलफेयर सेंटर भेजा गया है। यह व्यवस्था अस्थायी है।

वीडियो में शरद अपने कुत्तों को बच्चे बताते हुए भावुक हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि नया बंगला बनने के बाद वह उन्हें वापस लाने की गुजारिश करेंगे। हेमा चौधरी ने लोगों से अभिनेता को ट्रोल न करने की अपील की है। वीडियो देखकर फैंस उनके प्रति सहानुभूति जता रहे हैं और मुश्किल वक्त में सहयोग की बात कह रहे हैं।

डेब्यू मैच में 21 साल के गेंदबाज का धमाका



28 गेंदों में झटके 5 विकेट

जो रूट और हैरी ब्रूक समेत इंग्लैंड के पांच बल्लेबाजों को किया आउट

यूनिक समय, नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के 21 वर्षीय तेज गेंदबाज माहली बियर्डमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे मुकाबले में अपने डेब्यू को यादगार बना दिया। पर्थ में खेले जा रहे इस मैच में उन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए महज 28 गेंदों में पांच विकेट हासिल कर लिए। उनकी घातक गेंदबाजी के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाज टिक नहीं सके। बियर्डमैन वनडे डेब्यू पर पांच विकेट लेने वाले ऑस्ट्रेलिया के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। बियर्डमैन ने अपने स्पेल में जो रूट, हैरी ब्रूक, जॉर्डन कॉक्स, सैम करन और लियाम डॉसन को पवेलियन भेजा। वनडे क्रिकेट के इतिहास में उनसे पहले केवल 17 गेंदबाज अपने डेब्यू मैच में पांच विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्पेंसर जॉनसन ने भी दो विकेट हासिल किए, जबकि जेवियर बार्टलेट को एक सफलता मिली। बियर्डमैन को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज माइकल हसी ने वनडे डेब्यू कैप सौंपी। कप्तान मिचेल मार्श ने भी उनके डेब्यू को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा कि वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के किसी युवा खिलाड़ी के लिए पर्थ से बेहतर डेब्यू स्थल नहीं हो सकता।

अंडर–19 एशिया कप फाइनल में फिर भिड़ेंगे भारत–पाकिस्तान

14 नवंबर को होगा खिताबी मुकाबला



यूनिक समय, नई दिल्ली। भारतीय अंडर–19 क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को हराकर एशिया कप के फाइनल में जगह बना ली है। अब 14 नवंबर को खिताबी मुकाबले में भारत का सामना पाकिस्तान से होगा। दोनों टीमें लगातार दूसरी बार एशिया कप के फाइनल में आमने–सामने होंगी। पिछले साल खेले गए फाइनल में पाकिस्तान ने भारत को 191 रन के बड़े अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया था। इस बार भारतीय टीम के पास पिछली हार का बदला लेने और ट्रॉफी जीतने का मौका होगा। गुरुवार को ओमान के मस्कट में खेले गए पहले सेमीफाइनल में भारत ने अफगानिस्तान को 8 विकेट से मात दी।

अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 227 रन बनाए। टीम की ओर से नुमान सालारजई और शाह फैसल रहीमी ने 51–51 रन की पारियां खेलीं। भारत की तरफ से ईशान सूद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 43 रन देकर 3 विकेट हासिल किए, जबकि आर्यन सावसानी को 2 विकेट मिले। 228 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने 36.5 ओवर में 2 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। भारत के लिए कप्तान लक्ष्य रायचंदानी ने 93 रन की शानदार पारी खेली। वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर सहवाग ने 57 गेंदों पर 51 रन बनाए। वहीं वीके विनीत 57 रन बनाकर नाबाद रहे और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 9 विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत इस टूर्नामेंट में अब तक 8 बार खिताब जीत चुका है, लेकिन पिछले दो फाइनल में उसे हार का सामना करना पड़ा है। 2024 में बांग्लादेश और 2025 में पाकिस्तान ने भारत को हराया था। अब एक बार फिर दोनों प्रतिद्वंद्वी खिताब के लिए आमने–सामने होंगे।

वनडे टीम में सिराज की जगह क्यों हुई कमजोर

यूनिक समय, नई दिल्ली। मोहम्मद सिराज टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के प्रमुख तेज गेंदबाज हैं, लेकिन वनडे फॉर्मेट में उनकी जगह पहले जैसी मजबूत नहीं रही। न्यूजीलैंड दौरे पर वे शुरुआती तीन वनडे में प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं बन सके। वर्ल्ड कप 2023 के बाद सिराज ने सिर्फ 10 वनडे खेले हैं, जिनमें उन्हें 9 विकेट मिले। इस दौरान उनका गेंदबाजी औसत 47.44 रहा। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में सिराज भारत–ए की ओर से न्यूजीलैंड–ए के खिलाफ टेस्ट खेल रहे थे, इसलिए उपलब्ध नहीं थे। दूसरे वनडे में टीम में शामिल होने के बावजूद उन्हें मौका नहीं मिला। तीसरा मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। अब चौथे और पांचवें वनडे में उनके खेलने की संभावना है। अंशुल कंबोज के टेस्ट टीम से जुड़ने के कारण सिराज के लिए प्लेइंग इलेवन में जगह बन सकती है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज 19 नवंबर से शुरू होगी। ऐसे में सिराज के लिए मैच प्रैक्टिस अहम हो सकती है। हालांकि, उनका वर्कलोड भी एक वजह माना जा रहा है। हाल के महीनों में वे रणजी ट्रॉफी और भारत–ए के लिए कई मुकाबले खेल चुके हैं। न्यूजीलैंड–ए के खिलाफ एक पारी में उन्होंने 35 ओवर गेंदबाजी की थी। 2023 वर्ल्ड कप में सिराज ने 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। वहीं, अब टीम में अर्शदीप की बाएं हाथ की गेंदबाजी और हर्षित राणा जैसे खिलाड़ियों की ऑलराउंड क्षमता उन्हें कड़ी चुनौती दे रही है।

लखनऊ में ऋषभ शुक्ला के घर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर

ट्रिपल मर्डर के आरोपी के घरों पर ध्वस्तीकरण जारी

मौके से छह हथियार और 45 कारतूस बरामद





यूनिक समय, लखनऊ। लखनऊ के सआदतगंज में ट्रिपल मर्डर के आरोपी ऋषभ शुक्ला के घर पर शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बुलडोजर कार्रवाई जारी रही। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम पुलिस बल के साथ दो बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंची। ऋषभ के अलावा उसके चाचा राजेश और ताऊ गिरीश शुक्ला के घरों पर भी ध्वस्तीकरण अभियान चलाया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान पीड़ित परिवार के सदस्य अपने घर से बुलडोजर एक्शन देखते रहे। मृतक शिवाजी तिवारी की पत्नी ऊषा और शिवेंद्र तिवारी की बेटी सुमेधा समेत परिवार के अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने ऋषभ के घर से छह हथियार और 45 कारतूस बरामद किए। इनमें एक सिंगल बैरल बंदूक, एक रिवॉल्वर, एक तमंचा और तीन एयरगन शामिल हैं। एलडीए और पुलिस की संयुक्त टीम ने घर में रखा सामान भी जब्त किया। इससे पहले 28 अक्टूबर को प्रशासन ने आरोपी के घर की केवल बाउंड्रीवॉल गिराई थी। पीड़ित परिवार ने उस कार्रवाई पर असंतोष जताते हुए पूरे घर को गिराने की मांग की थी। गौरतलब है कि 26 अक्टूबर को ब्राह्मण टोला में कार पार्किंग और चबूतरा बनवाने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान ऋषभ शुक्ला ने शिवाजी तिवारी, उनके बेटे सुयश और भाई शिवेंद्र तिवारी उर्फ शंभु की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। मृतक सुयश की शादी 5 दिसंबर को होनी थी। घटना के बाद परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। पीड़ित परिवार का कहना है कि आरोपियों को कड़ी सजा मिलने के बाद ही उन्हें संतुष्टि मिलेगी।

हापुड़ में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को रौंदा



सीसीटीवी में कैद हुआ खौफनाक हादसा

कार के नीचे फंसे घायल को लोगों ने बाहर निकाला

यूनिक समय, हापुड। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार कार के नीचे फंस गया। पूरी घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसका वीडियो सामने आया है। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुआ है। यह दुर्घटना 12 नवंबर की शाम करीब 8 बजे नगर कोतवाली क्षेत्र के व्यस्त तहसील चौराहे पर हुई। उस समय सड़क पर वाहनों की आवाजाही और लोगों की काफी भीड़ थी। सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि सफेद रंग की तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित हो गई और आगे चल रहे बाइक सवार को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे जा रुकी। टक्कर के बाद बाइक और उसका सवार कार के नीचे फंस गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर तुरंत मदद के लिए पहुंचे। लोगों ने मिलकर कार के नीचे फंसे घायल को बाहर निकाला। इसके बाद उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों की जांच की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उन्नाव में पुलिस पर भड़के साक्षी महाराज सीओ-थाना प्रभारी को लगाई फटकार



बोले-'काहे के बहादुर हो' बुजुर्ग की मौत के मामले में परिवार को एक लाख रुपये की मदद भी दी

यूनिक समय, उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में बुजुर्ग की मौत के मामले में पुलिस की कार्रवाई से नाराज बीजेपी सांसद साक्षी महाराज ने सीओ और थाना प्रभारी को जमकर फटकार लगाई। उनका अधिकारियों को खरी-खोटी सुनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सांसद ने पुलिस पर लापरवाही और थाने में दलाली के आरोप लगाए। साथ ही पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मामला मौरावां थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव का है। जानकारी के मुताबिक, 11 सितंबर को पंचायत से लौट रहे रामस्वरूप लोधी और उनके परिजनों पर कुछ लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। इसमें आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हुए थे। गंभीर रूप से घायल रामस्वरूप का लखनऊ के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां 8 नवंबर को उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने अकोहरी-मवई मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। करीब साढ़े तीन घंटे बाद अधिकारियों के आश्वासन पर जाम खुला। 11 नवंबर को परिवार से मिलने पहुंचे साक्षी महाराज ने सीओ पुरवा अरविंद कुमार चौरसिया और थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह से जवाब मांगा। उन्होंने थाना प्रभारी से कहा, 'काहे के बहादुर हो? बहादुर होते तो तुम्हारे राज में ऐसा होता क्या?' सांसद ने अधिकारियों को निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी दी।

छठ पूजा के लिए वाराणसी के 84 घाटों पर तैयारी तेज

यूनिक समय, वाराणसी। छठ महापर्व को देखते हुए वाराणसी में गंगा किनारे स्थित 84 घाटों पर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। करीब 8 किलोमीटर के क्षेत्र में फैले घाटों पर सफाई, रोशनी और सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। गुरुवार को नगर आयुक्त ने अस्सी घाट समेत विभिन्न घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। सफाईकर्मियों की टीमें दिन में कई बार सफाई करेंगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त लाइटें लगाई जा रही हैं और घाटों का समतलीकरण कराया जा रहा है। गीले स्थानों पर बालू से भरी बोरियां रखी जा रही हैं, ताकि आवागमन में परेशानी न हो। महिलाओं के लिए घाटों पर 100 से अधिक चेंजिंग रूम बनाए जा रहे हैं। खतरनाक और गहरे पानी वाले स्थानों पर चेतावनी बोर्ड, रस्सियां और बैरिकेडिंग लगाई जा रही हैं। सभी घाटों पर सुरक्षा निर्देशों के साथ पूजा की व्यवस्था रहेगी।

राजनाथ सिंह बोले-चुनाव हारें या जीतें, समाज के हित में लेंगे फैसले

लखनऊ से अपना जुड़ाव बताया

बोले-अगला चुनाव जीतने से ज्यादा जरूरी अगली पीढ़ी का भविष्य



यूनिक समय, लखनऊ। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति में फैसले चुनावी फायदे को देखकर नहीं, बल्कि समाज के हित में लिए जाने चाहिए। चुनाव हारें या जीतें, जो उचित होगा वही करेंगे। अगला चुनाव जीतने से ज्यादा जरूरी है कि अगली पीढ़ी का भविष्य बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि लखनऊ से उनकी डोर बंधी हुई है। वह कहीं भी रहें, उनका मन इस शहर में लगा रहता है। राजनाथ सिंह शुक्रवार को सुल्तानपुर रोड स्थित ब्रह्माकुमारीज के राजयोग प्रशिक्षण केंद्र गुलजार उपवन पहुंचे। यहां उन्होंने नवनिर्मित दिव्य संस्कृति भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं को सफलता के साथ चरित्र निर्माण पर ध्यान देने की सलाह दी। स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि करियर पहचान दिलाता है, लेकिन चरित्र सम्मान दिलाता है। युवाओं को समाज की कमियों की आलोचना करने के बजाय उन्हें दूर करने की जिम्मेदारी भी उठानी चाहिए। रक्षामंत्री ने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल जरूर करें, लेकिन उसके गुलाम न बनें और अपनी जड़ों को न भूलें। उन्होंने रामायण और महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि शासक के लिए प्रजा का हित सबसे ऊपर होना चाहिए। विकसित भारत का लक्ष्य केवल आर्थिक मजबूती नहीं, बल्कि ईमानदार नागरिक, संस्कारवान परिवार और सद्भावपूर्ण समाज बनाना भी है। राजनाथ सिंह ने बताया कि वह पिछले चार दिनों से वायरल संक्रमण के कारण अस्वस्थ हैं, इसलिए उनकी आवाज बदली हुई है।

आगरा में छात्रा ने बॉयफ्रेंड से कराई टीचर की हत्या, ब्लैकबोर्ड पर लिखा 'रेपिस्ट'



अश्लील फोटो से ब्लैकमेल करने का आरोप

समझाने पहुंचे प्रेमी ने चाकू से काटा गला

यूनिक समय, आगरा। आगरा के जगदीशपुरा थाना क्षेत्र में मैथ टीचर ओमप्रकाश यादव (50) की हत्या के मामले में पुलिस ने उनकी पूर्व छात्रा और उसके बॉयफ्रेंड को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने ही अपने प्रेमी निखिल से टीचर की हत्या कराई थी। छात्रा का आरोप है कि शिक्षक ने स्नैपचैट के जरिए उसकी अश्लील तस्वीरें बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया था। वह उसे अश्लील मैसेज भी भेजते थे। इससे परेशान होकर उसने पूरी बात अपने बॉयफ्रेंड को बताई। पुलिस जांच के अनुसार, 2 नवंबर को निखिल चाकू लेकर टीचर की कोचिंग पहुंचा था। उसने ओमप्रकाश को छात्रा को परेशान नहीं करने के लिए समझाया, लेकिन दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान निखिल ने चाकू से टीचर का गला काट दिया और छाती, सिर व गर्दन पर भी कई वार किए। हत्या के बाद उसने ब्लैकबोर्ड पर 'ओपी यादव रेपिस्ट' लिखा और टीचर का मोबाइल व स्कूटी लेकर फरार हो गया। ओमप्रकाश 2 नवंबर को कोचिंग गए थे, लेकिन घर नहीं लौटे। 6 नवंबर को दुर्गंध आने पर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कोचिंग का दरवाजा खोलने पर बेसमेंट में उनका क्षत-विक्षत शव मिला। पोस्टमॉर्टम में शरीर पर चोट के नौ निशान मिले, जिनमें सात धारदार हथियार के थे। कॉल डिटेल और मैसेज की जांच के बाद पुलिस छात्रा तक पहुंची। पूछताछ में उसने पहले गुमराह किया, लेकिन बाद में कथित तौर पर वारदात की जानकारी दी।

आगरा में एनएचएम संविदा कर्मियों का हंगामा, सीएमओ कार्यालय पर जड़ा ताला



गेट बंद मिलने पर सड़क पर धरने पर बैठे कर्मचारी

पुलिस ने खुलवाया ताला नियमितीकरण की मांग को लेकर आंदोलन जारी

यूनिक समय, आगरा। आगरा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के संविदा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यालय का गेट बंद और उस पर ताला लगा मिलने से नाराज कर्मचारी सड़क पर धरने पर बैठ गए। इससे मार्ग पर यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने हस्तक्षेप कर कार्यालय का गेट खुलवाया। इसके बाद कर्मचारियों ने परिसर में धरना शुरू कर दिया और मांगों के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष देवी सिंह कुशवाहा ने बताया कि संगठन की ओर से सीएमओ और जिलाधिकारी को तीन दिन तक धरना देने की पूर्व सूचना दी गई थी। इसके बावजूद शनिवार को कार्यालय पर ताला लगा दिया गया। कर्मचारियों ने अधिकारियों से गेट खोलने की मांग की, लेकिन सुनवाई नहीं होने पर उन्हें सड़क पर बैठना पड़ा। संघ के महामंत्री दामोदर सिंह प्रजापति ने कहा कि स्थायी नियुक्ति और नियमितीकरण की मांग को लेकर कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है। आगरा में तीन दिन तक धरना देने के बाद 11 अक्टूबर से लखनऊ में प्रदर्शन किया जाएगा। धरने में अमित सिंह, डॉ. कपिल यादव, इंद्रपाल सिंह, रामकृष्ण त्यागी, रविकांत तिवारी, रूबी बघेल और रीना तोमर समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे।

व्हाट्सएप पर आई एपीके फाइल डाउनलोड करते ही मोबाइल हैक, खाते से उड़ाए 1.72 लाख

यूनिक समय, अलीगढ़। अलीगढ़ में व्हाट्सएप पर भेजी गई एपीके फाइल डाउनलोड करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। साइबर ठगों ने उसका मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 1 लाख 72 हजार 300 रुपये निकाल लिए। हालांकि, पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपये वापस करा दिए हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी शिवशंकर गुप्ता ने बताया कि ठगों ने व्हाट्सएप के जरिए पीड़ित को एपीके फाइल भेजी थी। जैसे ही उसने फाइल डाउनलोड की, उसका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद साइबर अपराधियों ने उसके बैंक खाते से 1,72,300 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर लिए। खाते से रकम निकलने की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही साइबर सेल की टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने डिजिटल ट्रैकिंग और ट्रांजेक्शन ट्रेल के जरिए ठगी की रकम किन बैंक खातों में पहुंची, इसका पता लगाया। इसके बाद संबंधित खातों को फ्रीज करा दिया गया। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पीड़ित के खाते में एक लाख रुपये वापस करा दिए गए। बाकी 72 हजार 300 रुपये की वापसी को लेकर फिलहाल जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस ने लोगों को अनजान एपीके फाइल डाउनलोड न करने की सलाह दी।

माइक्रोसॉफ्ट में तकनीकी खराबी, 12 घंटे से ई-मेल, मीटिंग सर्विस बंद

दिल्ली में स्पाइसजेट की 3 फ्लाइट रद्द, 2 उड़ानों में देरी

आउटलुक और टीम्स समेत कई सेवाएं 12 घंटे से प्रभावित





यूनिक समय, नई दिल्ली। माइक्रोसॉफ्ट के सिस्टम में आई तकनीकी खराबी का असर दुनियाभर के साथ भारत में भी दिखाई दे रहा है। शुक्रवार सुबह दिल्ली से उड़ान भरने वाली स्पाइसजेट की 3 फ्लाइट रद्द कर दी गईं, जबकि दरभंगा और मुंबई जाने वाली 2 उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली एयरपोर्ट ने यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी कर घर से निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जांचने की सलाह दी है। इंडिगो और अकासा एयर ने भी यात्रियों को सतर्क रहने को कहा है।

माइक्रोसॉफ्ट की ऑनलाइन सेवाएं करीब 12 घंटे से प्रभावित हैं। इसके चलते आउटलुक पर ईमेल भेजने, टीम्स पर ऑनलाइन मीटिंग करने और क्लाउड पर फाइल सेव करने में परेशानी आ रही है। शेयरपॉइंट, कोपायलट 365, माइक्रोसॉफ्ट डिफेंडर और एक्सचेंज ऑनलाइन जैसी सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। डाउनडिटेक्टर क ` मुताबिक, आउटलुक में परेशानी को लेकर दुनियाभर से 1.40 लाख से ज्यादा शिकायतें दर्ज की गईं। माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि समस्या गलत तरीके से हुए सॉफ्टवेयर अपडेट के कारण आई है। कंपनी ने यह भी कहा कि खराबी ठीक करने के लिए किए गए शुरुआती बदलाव उम्मीद के मुताबिक काम नहीं कर रहे हैं। अब दूसरे विकल्पों पर काम किया जा रहा है। इस गड़बड़ी से दफ्तरों, स्कूलों और अस्पतालों का काम भी प्रभावित हुआ है। हालांकि एयर इंडिया ने स्पष्ट किया है कि उसकी उड़ानों पर फिलहाल कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनी ईमेल सेवाओं को वैकल्पिक रास्ते से संचालित कर रही है।

पंजाब की 400 मंडियों में धान की खरीद बंद, किसानों की बढ़ी मुश्किलें

24 मंडियों पर लगा ताला मालवा में 20% किसानों की फसल अब भी नहीं बिकी

निजी व्यापारियों को बेचने पर 500 रुपये प्रति क्विंटल तक नुकसान



यूनिक समय, नई दिल्ली। पंजाब में धान की सरकारी खरीद बंद होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। राज्य की करीब 400 अनाज मंडियों में सरकारी खरीद रोक दी गई है। संगरूर जिले की भवानीगढ़ समेत आसपास की 24 मंडियों में भी खरीद बंद कर दी गई है, जबकि किसानों की फसल अब भी मंडियों में पड़ी है। किसान सरकारी खरीद दोबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं। भवानीगढ़ अनाज मंडी पहुंचे किसानों का कहना है कि उनकी धान की फसल अभी तक नहीं बिकी है। किसानों के मुताबिक, मालवा क्षेत्र में करीब 20 फीसदी किसानों की फसल की खरीद बाकी है।

उगराहां के नेता जोगिंदर सिंह उगराहां ने सरकार से मांग की है कि जब तक मंडियों में किसानों की पूरी फसल नहीं बिक जाती, तब तक सरकारी खरीद जारी रखी जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि खरीद दोबारा शुरू नहीं हुई तो किसान बड़ा आंदोलन करेंगे।

किसानों का आरोप है कि फसल मंडियों में मौजूद होने के बावजूद खरीद रोक दी गई है। इस मामले में ऐसे में सरकारी खरीद बंद होने से उनके सामने फसल बेचने का संकट खड़ा हो गया है। मजबूरी में निजी व्यापारियों को धान बेचने पर उन्हें प्रति क्विंटल करीब 500 रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

भारतीय किसान यूनियन एकता भवानीगढ़ मार्केट कमेटी के सचिव से भी जानकारी लेने की कोशिश की गई, लेकिन वे कार्यालय में मौजूद नहीं मिले और फोन पर भी संपर्क नहीं हो सका। किसान संगठनों ने साफ किया है कि पूरी फसल की खरीद होने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

यूएई में बेकाबू ट्रक ने 23 वाहनों को रौंदा, 14 की मौत

हादसे में तीन भारतीयों की भी जान गई

मृतकों में केरल के जुड़वा भाई-बहन शामिल, 30 लोग घायल



यूनिक समय, नई दिल्ली। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह में गुरुवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। एक बेकाबू ट्रक ने सड़क पर चल रहे और रुके हुए 23 वाहनों को टक्कर मार दी। हादसे में तीन भारतीयों समेत 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हुए हैं। टक्कर के बाद कई गाड़ियों में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक भारतीय केरल के मलप्पुरम जिले के एक ही परिवार से थे। उनकी पहचान मुहम्मद अस्मिल, उनकी जुड़वा बहन मिस्ना जुबिन और मुहम्मद फैज के रूप में हुई है। केरल के मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पीड़ित परिवार की मदद करने के निर्देश दिए हैं। दुबई स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने भी मौतों की पुष्टि की है और परिवारों को हरसंभव सहायता देने की बात कही है।

यूएई के गृह मंत्रालय के मुताबिक, हादसे में सात देशों के नागरिकों की जान गई है। इनमें यूएई, ओमान, भारत, ब्राजील, पाकिस्तान, जॉर्डन और मिस्र के लोग शामिल हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जिनमें से करीब आधे को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, फुजैराह शहर के एंट्री रूट पर ट्रैफिक धीमा था। इसी दौरान ट्रक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। ट्रक पहले एक गाड़ी से टकराया और फिर पलटकर अन्य वाहनों से भिड़ गया। हादसे में 18 कारें और 5 ट्रक शामिल थे। आग की चपेट में आने से कुछ शव बुरी तरह जल गए हैं। मृतकों की पहचान के लिए डीएनए जांच कराई जा रही है। पुलिस और सिविल डिफेंस की टीमों ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव अभियान चलाया।

छठ के पहले दिन परिवार पर टूटा कहर, दंपति समेत तीन की मौत

गंगा स्नान के लिए जा रही कार खड़े ट्रक में घुसी

तीन बच्चे समेत 3 लोग गंभीर घायल, कटिहार-मनिहारी फोरलेन पर हुआ हादसा





यूनिक समय, नई दिल्ली। बिहार के कटिहार जिले में छठ महापर्व के पहले दिन शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नहाय-खाय के मौके पर गंगा स्नान के लिए मनिहारी जा रहे एक परिवार की कार नारायणपुर के पास सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से टकरा गई। हादसे में दंपति समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 5 बजे कटिहार-मनिहारी मुख्य सड़क के फोरलेन पर हुआ। कार कटिहार की ओर से मनिहारी जा रही थी। नारायणपुर के पास बालू से लदा एक खराब ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान 68 वर्षीय शम्भू सिंह, उनकी पत्नी उषा सिंह और पड़ोस में रहने वाली मंजू रानी साह के रूप में हुई है। तीनों कटिहार के बैगना इलाके के निवासी थे। कार में सवार 14 वर्षीय सत्यम उर्फ रुद्र, 5 वर्षीय हर्षिता कुमारी और 20 वर्षीय गोलू कुमार गंभीर रूप से घायल हुए हैं। तीनों को मनिहारी अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कटिहार रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेजे गए हैं। मनिहारी एसडीपीओ विनोद कुमार ने हादसे की पुष्टि करते हुए बताया कि दुर्घटना सुबह करीब 5 बजे हुई। छठ के पावन अवसर पर हुए इस हादसे से मृतकों के परिवार और इलाके में शोक का माहौल है।

राहुल गांधी का दावा-पीएम मोदी करवा रहे फोन टैपिंग



बोले-मेरे फोन में हैं सबूत


आमने-सामने बहस हुई तो सामने आ जाएगा कौन विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहा है

यूनिक समय, नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री उनका फोन टैप करवा रहे हैं। राहुल गांधी ने यह बात अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो में कही। वीडियो में एक यूजर उनसे सवाल करता है कि प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि उन्हें विदेशी मदद मिल रही है, जबकि राहुल गांधी आरोप लगाते हैं कि प्रधानमंत्री को विदेश से नियंत्रित किया जा रहा है। यूजर ने दोनों दावों का सबूत भी मांगा। इस सवाल के जवाब में राहुल गांधी ने कहा, "सबूत यहां है, इसी फोन में है। प्रधानमंत्री को यह बात पता है, क्योंकि वे मेरा फोन टैप करते हैं।" उन्होंने आगे कहा कि जिस दिन प्रधानमंत्री आमने-सामने की बहस के लिए आएंगे, उस दिन सबको पता चल जाएगा कि कौन विदेशी ताकतों के इशारे पर काम कर रहा है और कौन देशद्रोही है। राहुल ने यह भी दावा किया कि उनके पास ऐसी कई बातें हैं, जिनकी जानकारी उनके फोन में मौजूद है। गौरतलब है कि भाजपा नेता पिछले कुछ समय से राहुल गांधी की विदेश यात्राओं को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि मोदी विदेशी मदद से प्रधानमंत्री बने हैं और उनकी आर्थिक व्यवस्था भी विदेशी ताकतों के नियंत्रण तथा समर्थन पर निर्भर है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी की चुनौती पर पलटवार करते हुए कहा था कि यदि वे चर्चा चाहते हैं तो प्रधानमंत्री को पत्र लिखें। उन्होंने संसद का विशेष सत्र बुलाकर चर्चा कराने की तैयारी जताई थी।

दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 478 तक पहुंचा

लाहौर को पछाड़ा, देश के 18 शहरों की हवा बेहद खराब

राजस्थान में आंधी-बारिश का अलर्ट, पहाड़ों पर बर्फबारी



यूनिक समय, नई दिल्ली। दिल्ली में प्रदूषण का स्तर लगातार गंभीर होता जा रहा है। शुक्रवार को राजधानी ने पाकिस्तान के लाहौर को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर का स्थान हासिल कर लिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, दिल्ली का औसत एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 403 दर्ज किया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय के आसपास यह 478 और आईटीओ इलाके में 455 तक पहुंच गया। वहीं, स्विस संस्था आईक्यूएयर ने दिल्ली का एक्यूआई 334 दर्ज किया, जबकि लाहौर 197 के साथ दूसरे स्थान पर रहा। देश के 18 शहरों में एक्यूआई 301 से 400 के बीच दर्ज किया गया। इनमें हरियाणा के 9, उत्तर प्रदेश के 5, राजस्थान, पंजाब और तमिलनाडु के एक-एक शहर शामिल हैं। गुरुग्राम के पंचगांव में एक्यूआई 388 दर्ज किया गया। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की परत करीब 1000 मीटर की ऊंचाई तक बनी हुई है।

कई इलाकों में धुंध के कारण दृश्यता भी घटकर 40 मीटर तक रह गई। दूसरी ओर, मौसम में बदलाव का असर कई राज्यों में दिख रहा है। जम्मू-कश्मीर के गुरेज, सोनमर्ग और कुपवाड़ा के साथ हिमाचल प्रदेश के रोहतांग पास और लाहौल-स्पीति में बर्फबारी हुई है। इसके चलते मनाली पुलिस ने मरही से रोहतांग जाने वाले वाहनों को रोक दिया। राजस्थान में अगले दो दिन आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है, जबकि उत्तराखंड के सात जिलों में बारिश की संभावना है। पहाड़ों पर बर्फबारी के असर से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में तापमान गिर रहा है। यूपी के कई शहरों में घना कोहरा छाया रहा।

छठ पर्व पर रेलवे स्टेशन की सुरक्षा सख्त, चप्पे-चप्पे पर चेकिंग

मथुरा जंक्शन पर आरपीएफ के साथ स्वान और बम निरोधक दस्ते की तैनाती

डीजी रेलवे तलब कर रहे फोटो-वीडियो



यूनिक समय, मथुरा। छठ पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। मथुरा जंक्शन पर संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की तलाश में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। खास बात यह है कि स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस टीमों की सक्रियता की निगरानी अब उच्च स्तर से भी की जा रही है। डीजी रेलवे द्वारा चेकिंग अभियान की फोटो और वीडियो फुटेज तलब की जा रही हैं।

रेलवे स्टेशन परिसर में चलाए जा रहे अभियान में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा स्वान दस्ता और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) की टीमें भी संदिग्ध वस्तुओं की जांच में जुटी हैं। टीमों द्वारा स्टेशन के प्रवेश और निकास द्वार, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर सघन चेकिंग की जा रही है।

स्वान दस्ते की मदद से यात्रियों के सामान और लावारिस वस्तुओं की जांच की जा रही है। वहीं, बीडीएस टीम भी सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बरत रही है। चेकिंग अभियान की फोटो और वीडियो उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही हैं, जिससे सुरक्षा इंतजामों की निगरानी की जा सके।

छठ पर्व के दौरान यात्रियों की आवाजाही को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डीजी रेलवे द्वारा चेकिंग की फोटो और वीडियो फुटेज मंगाए जाने का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सुरक्षा अभियान नियमित रूप से चल रहा है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जा रही है। फुटेज के माध्यम से चेकिंग की निरंतरता और सुरक्षा इंतजामों का भी आकलन किया जा रहा है। छठ पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हैं।

छठ पर्व को लेकर जंक्शन परिसर और ट्रेनों में निरंतर चेकिंग की जा रही है। चेकिंग पर डीजी रेलवे द्वारा सीधी नजर रखी जा रही है। प्रत्येक चेकिंग के फोटो और वीडियो डीजी रेलवे कार्यालय द्वारा तलब किए जा रहे हैं। चेकिंग में किसी प्रकार की कमी मिलने पर डीजी रेलवे कार्यालय से सुधारात्मक निर्देश भी दिए जा रहे हैं। **- प्रदीप कुमार सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक जीआरपी।**

यूपी बोर्ड परीक्षा : संशोधन की समय-सीमा खत्म, गलतियों से बढ़ेगी मुश्किल

यूनिक समय, मथुरा। यूपी बोर्ड की वर्ष 2027 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के शैक्षिक विवरण में संशोधन का मौका समाप्त हो गया है। बोर्ड की ओर से निर्धारित 12 नवंबर अंतिम तिथि थी। इसके बाद नाम, माता-पिता के नाम, जन्मतिथि और विषयों में गलतियां रह जाने वाले विद्यार्थियों की मुश्किल बढ़ सकती है।

बोर्ड ने परीक्षा-2027 के पंजीकरण विवरण को दुरुस्त करने के लिए विद्यालयों को ऑनलाइन संशोधन का अवसर दिया था। प्रधानाचार्यों को विद्यार्थियों के अभिलेखों का मिलान कर त्रुटियां सुधारने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद जिन विद्यार्थियों के विवरण में गड़बड़ी रह गई है, उन्हें अब बोर्ड के अगले आदेश का इंतजार करना होगा।

बोर्ड के अभिलेखों में दर्ज जानकारी ही प्रवेशपत्र और अंकपत्र सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों में दर्ज होती है। ऐसे में छोटी सी गलती भी भविष्य में परेशानी का कारण बन सकती है। फिलहाल बोर्ड ने संशोधन की तिथि बढ़ाने या दोबारा मौका देने के संबंध में कोई आदेश जारी नहीं किया है।

गुरु नमन में सजा भारतीय कला संगम शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण पर जोर



कार्यक्रम के दौरान शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करते कलाकार।

यूनिक समय, वृंदावन। धर्म और अध्यात्म की नगरी में शुक्रवार को भारतीय संस्कृति, गुरु-शिष्य परंपरा और शास्त्रीय कलाओं के संरक्षण का संदेश गूंजा। 'गुरु नमन 2026' के अंतर्गत भारतीय कला संगम का आयोजन श्री श्री कात्यायनी पीठ, केशवाश्रम राधाबाग में किया गया। रामा नारायणा गुरुकुलम के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कला-संस्कृति प्रेमियों ने सहभागिता कर भारतीय कला परंपरा के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम में पट्टारामा स्वामी ने कहा कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और पारंपरिक कलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की महत्वपूर्ण पहचान रही है। संगीत, नृत्य सहित विभिन्न शास्त्रीय कलाएं सदियों से गुरु के मार्गदर्शन में एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचती रही हैं। गुरु ही शिष्य को ज्ञान, संस्कार और कला की बारीकियों से परिचित कराते हैं।

गुरु-शिष्य परंपरा को बताया भारतीय संस्कृति की पहचान नई पीढ़ी को विरासत से जोड़ने का आह्वान

मंदिर के ट्रस्टी सिद्धार्थ सहाय ने कहा कि आधुनिकता के दौर में भारतीय संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का संरक्षण बेहद जरूरी है। यह केवल कलाकारों का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। आयोजकों ने कहा कि वृंदावन जैसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक नगरी में ऐसे आयोजन भारतीय विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनते हैं। भारतीय कला संगम के जरिए शास्त्रीय कलाओं के सम्मान, संवर्धन और गुरु परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

मुकेश धनगर पर कांग्रेस ने फिर जताया भरोसा, जिलाध्यक्ष की कुर्सी बरकरार

संगठन में सक्रियता का मिला पुरस्कार

दोबारा सौंपी जिले की कमान



यूनिक समय, मथुरा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर मुकेश धनगर की दोबारा ताजपोशी हुई है। शुक्रवार को लखनऊ में पार्टी नेतृत्व ने उनके नाम की घोषणा कर एक बार फिर संगठन की कमान उनके हाथों में सौंप दी। इस फैसले से जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। कांग्रेस संगठन में चल रही फेरबदल की प्रक्रिया के बीच मुकेश धनगर को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने को उनकी सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। पार्टी नेतृत्व ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि संगठन में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाकर सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। इसी क्रम में मुकेश धनगर पर दोबारा भरोसा जताया गया है। पुनर्नियुक्ति पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। पूर्व अध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि, मनोज गौड़, महेश चौबे, अनूप गौतम, रमेश कश्यप, प्रवीण ठाकुर और उमाशंकर शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया।

संगठन को नई ऊर्जा के साथ करेंगे मजबूत : केके गौतम

कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष केके गौतम ने कहा कि मुकेश धनगर को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में नया जोश है। सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को मजबूत करेंगे। पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सड़क से संसद तक संघर्ष जारी रखा जाएगा।



बेटे को ले जाने और पांच लाख रुपये लेकर भागने का आरोप

यूनिक समय, मथुरा। राया थाना क्षेत्र के सारस गांव निवासी महिला ने बेटे को ले जाने और पांच लाख रुपये लेकर भागने के मामले में न्यायालय की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सुनहरी देवी के अनुसार, 24 जून को बेटे सुमित का दोस्त निर्भय उसे सामान खरीदने के बहाने घर से ले गया था। अगले दिन फोन पर सूचना मिली कि सुमित पांच लाख रुपये लेकर भाग गया है। महिला ने निर्भय से बेटे के बारे में जानकारी मांगी तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया और गाली-गलौज कर धमकी दी। पीड़िता ने 30 जून को पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय पहुंचीं। पुलिस ने 12 नवंबर को मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

28 को गौ ग्राम परखम में जुटेंगे हजारों विद्यार्थी, दो राज्यों के मुख्यमंत्री होंगे शामिल

चार संस्थानों का होगा शिलान्यास

आयोजन की तैयारियों को लेकर संचालन टोली ने बनाई कार्ययोजना

यूनिक समय, मथुरा। फरह क्षेत्र के गौ ग्राम परखम स्थित दीनदयाल गौविज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र परिसर में 28 नवंबर को भव्य कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित कई प्रमुख संत-महात्मा शामिल होंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को अशोक सिंघल सभागार में संचालन टोली की बैठक हुई। इसमें व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय कर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

कार्यक्रम में वेटरनरी कॉलेज, आयुर्वेदिक कॉलेज, बॉयज हॉस्टल और मॉलिक्यूल लैब का शिलान्यास किया जाएगा। आयोजन में विभिन्न तकनीकी महाविद्यालयों के करीब सात से आठ हजार विद्यार्थी और प्रोफेसर शामिल होंगे।

स्वामी कैलाशानंद, स्वामी अवधेशानंद, स्वामी चिन्मयानंद और देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या सहित अनेक संत-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी।

बैठक में दीनदयाल कामधेनु गौशाला समिति के अध्यक्ष महेश गुप्ता, मंत्री हरि शंकर शर्मा, उपाध्यक्ष संजय शर्मा, सर्व व्यवस्था प्रमुख महावीर सिंह, वरिष्ठ प्रचारक अजीत महापात्रा और क्षेत्र प्रचारक महेंद्र सहित उमेश शर्मा, सतीश अवाना, डॉ. केएमएल पाठक, राकेश गर्ग, मनीष अग्रवाल, नरेंद्र पाठक, सोनपाल, कीर्ति, चंद्रशेखर, मनोज, अनुराग शर्मा, अनुज वर्मा, कैलाश सारस्वत, सीए प्रमोद चौहान, केशव और जगदीश आदि उपस्थित रहे।

पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर हुआ मंथन



जिला सैनिक बंधु की बैठक में मौजूद एडीएम वेदप्रिय आर्य आदि।

यूनिक समय मथुरा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बंधु की बैठक एडीएम न्यायिक वेदप्रिय आर्य की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर हुई कार्रवाई की जानकारी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल तेजवीर सिंह ने दी। बैठक में सेवारत सिपाही मोतीराम निवासी लक्ष्मी नगर, यमुनापार ने पड़ोसियों द्वारा अपने परिवार को परेशान किए जाने की शिकायत की। इस पर एडीएम ने प्रार्थना पत्र पुलिस प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजा। बैठक में कर्नल एसआर अटल, मेजर अनुभव बंसल (स्टेशन हेडक्वार्टर) और वरिष्ठ सैनिक बंधु खेमचंद शर्मा नगेश ने पूर्व सैनिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं से बैठक से पहले ही जिला सैनिक कार्यालय को अवगत कराएं, ताकि समय से उनका समाधान कराया जा सके।

इस दौरान कैप्टन जवाहरलाल, मनोज कुलश्रेष्ठ (वरिष्ठ लिपिक), कैप्टन हरिहर शर्मा, उदयभान, लाखन सिंह, सोरन सिंह, मोतीराम, कैप्टन खड़ग सिंह, रणधीर सिंह, विजय कुमार, वीर नारी त्रिवेणी और सदाशिव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

छठ महापर्व को लेकर जुगल घाट पहुंचे अधिकारी



जुगल घाट पर छठ पर्व को लेकर चल रहीं तैयारियां देखते समिति के पदाधिकारी।

यूनिक समय, वृंदावन। लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा को भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में पूर्वांचल समिति मथुरा और नगर निगम के अधिकारियों ने वृंदावन स्थित जुगल घाट का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मंच निर्माण सहित श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने छठ पूजा से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने पर चर्चा की गई। घाट पर स्वच्छता बनाए रखने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने और कार्यक्रम स्थल को व्यवस्थित बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त, नगर निगम के इंजीनियर, सफाई विभाग के प्रभारी अधिकारियों के साथ महंत मोहिनी बिहारी शरण मौजूद रहे। वहीं पूर्वांचल समिति की ओर से अध्यक्ष श्री दास प्रजापति, निरंजन ठाकुर और मुकेश शर्मा ने भी निरीक्षण में सहभागिता की और व्यवस्थाओं को लेकर अपने सुझाव दिए। समिति पदाधिकारियों ने नगर निगम प्रशासन से छठ महापर्व के दौरान घाट पर विशेष साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया। पूर्वांचल समिति और नगर निगम प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से छठ महापर्व को श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण में संपन्न कराने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।